नव प्रदेश

www.navpradesh.com | रायपुर, शनिवार 23 अक्टूबर 2021, कृष्ण पक्ष तृतीया, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-250 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ जंग में भारत की ताकत का सारी दुनिया ने लोहा मान लिया है। रिकार्ड समय में भारत में न सिर्फ कोरोना की सबसे सस्ती वैक्सीन बना ली बल्कि सौ करोड़ टीके लगाने में भी कामयाबी हासिल कर ली। वह भी निःशुल्क। निश्चित रूप से यह एक बड़ी उपलब्धि है। जिसपर प्रत्येक भारतीय को गर्व होना चाहिए। इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकारें बधाई की पात्र है। भारतीय वैज्ञानिकों, चिकित्सको और मेडिकल स्टॉफ सहित उन तमाम कोरोना योद्धाओं को भी इसका श्रेय जाता है जिन्होने शत-प्रतिशत टीकाकरण के लक्ष्य को हासिल करने में अमूल्य योगदान दिया।

सूर्योदय

उदय : 6:31 सुबह

अस्त : 5:51 शाम

जनसंख्या

विश्व : 7,901,521,800

भारत : 1,398,038,989

बाजार

संसेक्स : 61,420.13

निफ्टी : 18,314.25

गोल्ड : 47,700 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 65,150 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.39 प्रति नग

दिवस

विश्व हिम तेंदुआ दिवस

विश्व स्तर पर 23 अक्टूबर को विश्व हिम तेंदुआ दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य हिम तेंदुए के संरक्षण के महत्व को दर्शाना और इस अद्भुत जानवर के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस दिन को अवैध शिकार रोकने के उपायों पर भी जोर देने के साथ-साथ इसे हिम तेंदुए की सीमा वाले देशों में एक पर्यावरण संगठन के संदर्भ में प्रयासों को मजबूत करने के लिए भी मनाया है है। पहला हिम तेंदुआ दिवस 23 अक्टूबर 2014 को बनाया गया था।

ढाई साल तक एक ही स्थान पर मौजूद पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों का होगा तबादला

सीएम ने लगाई आईजी-एसपी की क्लास, नशे के कारोबार पर नकेल कसने सख्त फरमान जारी

दूसरे राज्यों से आ रहे नशीले पदार्थ को प्रदेश में प्रवेश से रोकने करे सारे उपाय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज न्यू सर्किट हाउस में प्रदेश के आईजी और एसपी की क्लास लगाई। गुरुवार को उन्होंने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में भी काफी सख्त रवैया अपनाया था। वही सख्त अंदाज शुक्रवार को भी दिखाई दिया। सम्मेलन में पहुंचे सीएम भूपेश को सबसे पहले सलामी दी गई। उसके बाद कॉन्फ्रेंस की शुरुआत राज गान से हुई। कॉन्फ्रेंस में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, कृषि मंत्री रवींद्र चौबे, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक डी.एम.अवस्थी सहित गृह विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री भूपेश ने करीब 5 ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बढ़ रहे नशे के कारोबार पर जताई नाराजगी

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ रहे नशे के कारोबार पर नाराजगी जाहिर की। साथ ही कड़े शब्दों में दो टूक निर्देश प्रदेश के सभी आईजी और एसपी को देते हुए कहा कि प्रदेश में नशे के कारोबार को पनपने न दिया जाए। पुलिस अधीक्षक कड़ी कार्यवाही करें। वहीं दूसरे राज्यों से आ रहे नशीले पदार्थ को प्रदेश में प्रवेश से रोकने सारे उपाय करने कहा गया है। उन्होंने कहा कि गाँजे की एक पत्ती भी दूसरे राज्य से छत्तीसगढ़ में नहीं घुसने देना चाहिए। छोटी छोटी घटनाओं को साम्प्रदायिक और अराजक तत्व बड़ा रूप देने की चेष्टा कर रहे हैं। सभी पुलिस अधीक्षक उन्हें पहचानें, अपना सूचना तंत्र विकसित करें क्यूँकि ऐसी घटनाओं का सीधा असर प्रदेश की शांति व्यवस्था और सरकार की छवि पर होता है। हर स्तर पर, थाना, अनुविभाग, ज़िला और रेंज लेवल पर सूचना तंत्र विकसित करें। नशीले पदार्थों पर प्रभावी रोकथाम हेतु सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान के अधिकारियों के साथ आईजी-एसपी करें बैठक।

सोशल मीडिया पर कड़ी नजर

मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया में पनप रहे अफवाहों पर कड़ी नजर बनाये रखने का निर्देश देते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक हर ज़िले में सोशल मीडिया मॉनिटरिंग की स्पेशल टीम बनाएँ जो सोशल मीडिया में अफवाह फैलाने वालों का चिन्हांकन कर कार्यवाही करें। सीएम ने कहा कि छोटी घटनाओं का राजनीतिक लाभ लेने अवसरवादी तत्व अफवाह, दुष्प्रचार और भ्रामक समाचार फैलाते हैं, उनकी पहचान कर कार्यवाही करना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लॉ एंड आर्डर हो चुस्त

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोज़गार के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। विकास के लिए शांति ज़रूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के बीच परस्पर समन्वय आवश्यक है। कलेक्टर-एसपी महीने में 4-5 बार साथ में दौरा करें। उन्होंने कहा कि क़ानून-व्यवस्था बनाए रखना आपकी सबसे बड़ी ज़िम्मेदारी है। ज़िला प्रशासन की उपस्थिति हर स्तर पर दिखनी चाहिए। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कोरोना पर प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा संदेश

जब तक युद्ध चल रहा हो हथियार नहीं डाले जाते...

■ पीएम ने लोगों से कहा कि कोरोना के खिलाफ लड़ाई रखनी है जारी

■ 100 करोड़ वैक्सीन डोज का आंकड़ा पार करने पर खुशी लेकिन न करें लापरवाही

कोविड को लेकर रहें सतर्क, त्योहारों पर न भूलें सावधानियां, मास्क अब भी जरूरी

नई दिल्ली/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पीएम मोदी ने अचानक ट्वीट किया वह आज 10 बजे देश को संबोधित करेंगे। उनके ट्वीट के बाद से ही कई तरह के कयास लगने शुरू हो गए कि पीएम मोदी अपने भाषण में क्या कोई बड़ा ऐलान करने वाले हैं। हालांकि उन्होंने कोरोना और कोविड वैक्सीनेशन को लेकर अपने मन की बात रखी। पीएम मोदी ने लोगों को उदाहरण देकर सतर्क रहने को कहा ताकि देश में कोरोना फिर से हावी न होने पाए। पीएम ने कहा कि जब तक युद्ध चल रहा हो तब तक हथियार नहीं डाले जाते।

'पूरी सतर्कता बरतनी है'

पीएम ने कहा, 'कवच कितना ही उत्तम हो, कवच कितना ही आधुनिक हो, कवच से सुरक्षा से पूरी गारंटी हो तो भी, जबतक युद्ध चल रहा है हथियार नहीं डाले जाते।' मोदी ने कहा, 'मेरा आग्रह है कि हमें अपने त्योहारों को पूरी सतर्कता के साथ ही मनाना है।'

'इतिहास के नए अध्याय की रचना'

मोदी ने कहा कि 100 करोड़ वैक्सीन डोज केवल एक आंकड़ा ही नहीं, ये देश के सामर्थ्य का प्रतिबिंब भी है। इतिहास के नए अध्याय की रचना है। ये उस नए भारत की तस्वीर है, जो कठिन लक्ष्य निर्धारित कर, उन्हें हासिल करना जानता है।

'वैक्सीन ने दिए कोरोना में उठे सवालों के जवाब'

जब 100 साल की सबसे बड़ी महामारी आई, तो भारत पर सवाल उठने लगे। क्या भारत इस वैश्विक महामारी से लड़ पाएगा? भारत दूसरे देशों से इतनी वैक्सीन खरीदने का पैसा कहां से लाएगा? भारत को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भांति-भांति के सवाल का जवाब

प्रधानमंत्री ने कहा, जब 100 साल की सबसे बड़ी महामारी आई, तो भारत पर सवाल उठने लगे। क्या भारत इस वैश्विक महामारी से लड़ पाएगा? भारत दूसरे देशों से इतनी वैक्सीन खरीदने का पैसा कहां से लाएगा? भारत को वैक्सीन कब मिलेगी? भारत के लोगों को वैक्सीन मिलेगी भी या नहीं? क्या भारत इतने लोगों को टीका लगा पाएगा कि महामारी को फैलने से रोक सके? भांति-भांति के सवाल थे, लेकिन आज ये 100 करोड़ वैक्सीन डोज, हर सवाल का जवाब दे रही है।

वोकल फॉर लोकल इसे व्यवहार में लाना ही होगा

श्री मोदी ने कहा, पिछली दिवाली हर किसी के मन में एक तनाव था लेकिन इस दिवाली 100 करोड़ वैक्सीन डोज के कारण एक पैदा हुआ विश्वास है। अगर मेरे देश की वैक्सीन मुझे सुरक्षा दे सकती है, तो मेरे देश में बने सामान मेरी दिवाली को और भी भव्य बना सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं आपसे फिर ये कहूंगा कि हमें हर छोटी से छोटी चीज, जो मेड इन इंडिया हो, जिसे बनाने में किसी भारतवासी का पसीना बहा हो, उसे खरीदने पर जोर देना चाहिए। और ये सबके प्रयास से ही संभव होगा: जैसे स्वच्छ भारत अभियान, एक जनआंदोलन है, वैसे ही भारत में बनी चीज खरीदना, भारतीयों द्वारा बनाई चीज खरीदना, वोकल फॉर लोकल होना, ये हमें व्यवहार में लाना ही होगा।

भारत का टीकाकरण अभियान ''विज्ञान-जनित, विज्ञान-संचालित और विज्ञान-आधारित''

कोविड-19 रोधी टीकों की अब तक दी गई खुराक की संख्या 100 करोड़ के पार पहुंचने की उपलब्धि की सराहना करते हुए शुक्रवार को कहा कि भारत का टीकाकरण अभियान ''विज्ञान-जनित, विज्ञान-संचालित और विज्ञान-आधारित'' है, साथ ही इसमें कोई ''वीआईपी-संस्कृति'' भी नहीं है। मोदी ने कहा, '' यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारा टीकाकरण अभियान ''विज्ञान-जनित, विज्ञान-संचालित और विज्ञान-आधारित'' है ।'' उन्होंने कहा कि भारत का पूरा टीकाकरण कार्यक्रम विज्ञान की कोख में जन्मा है, वैज्ञानिक आधारों पर पनपा है और वैज्ञानिक तरीकों से चारों दिशाओं में पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सभी को साथ लेकर, देश ने ''सबको टीका, मुफ्त टीका'' अभियान की शुरुआत की।

राज्य प्रशासनिक सेवा के अफसरों का तबादला, पद्मिनी भोई को भेजा दुर्ग

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य सरकार ने राज्य प्रशासनिक सेवा के 8 अधिकारीयों का तबादला आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी सूची में अपर कलेक्टर, जिपं सीईओ, संयुक्त कलेक्टर स्तर के अधिकारियों के नाम शुमार है। जारी आदेश के मुताबिक संतन देवी जांगड़े, अपर कलेक्टर, सरगुजा को उपायुक्त, सरगुजा एवं परीक्षा नियंत्रक विशेष कनिष्ठ कर्मचारी बोर्ड, सरगुजा में पदस्थ किया गया है। वहीं पद्मिनी भोई साहू को एडीएम रायपुर से दुर्ग में नियुक्ति दी गई है। अश्विनी देवांगन को सीईओ जिपं दंतेवाड़ा से दुर्ग सीईओ बनाया गया है। अभिषेक अग्रवाल को दंतेवाड़ा संयुक्त कलेक्टर के पद से हटाकर अपर आयुक्त नगर निगम रायपुर में पदस्थ किया गया है। सूर्य किरण तिवारी अग्रवाल को संयुक्त कलेक्टर कोरबा से हटाकर महाप्रबंधक सीएसआईडीसी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

60 मंजिला लग्जरी बिल्डिंग के 19वें माले में लगी आग, एक की मौत

मुंबई/ए.। मुंबई के लालबाग इलाके की 60 मंजिला अविघ्न पार्क बिल्डिंग के 19वें माले पर आज भीषण आग लग गई। दूर से ही धुएं का गुबार देखा जा सकता था। बिल्डिंग से आग की लपटें निकल रही थीं। इस घटना में एक की मौत हुई है और आग पर काबू पा लिया गया है। जिस समय आग लगी तो दमकल की 14 गाड़ियां इस पर काबू पाने के लिए पहुंची थीं। फिलहाल दमकल विभाग के कर्मचारी इमारत में ही मौजूद हैं कि कहीं दोबारा आग न भड़क जाए। इस घटना का एक दर्दनाक वीडियो भी सामने आया जिसमें खुद को बचाने के लिए एक शख्स बालकनी से लटक गया और बैलेंस बिगड़ने के बाद नीचे गिर गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। इस शख्स का नाम अरुण तिवारी बताया जा रहा है, जिसकी उम्र 30 साल थी।

साइबर अपराध के खिलाफ मिलकर लड़ेगी छह राज्यों की पुलिस

■ आज रायपुर में छग, ओड़िशा, बंगाल, झारखंड व बिहार व यूपी पुलिस के अफसरों की होगी बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। साइबर अपराधियों से निपटने के लिए छह राज्यों की पुलिस मिलकर काम करेगी। बिहार के साथ उत्तर प्रदेश, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ पुलिस की साइबर टीम के अधिकारियों की आज रायपुर में बैठक होगी। इस बैठक में साइबर अपराध की चुनौतियों और उससे निपटने के उपायों पर रणनीति बनेगी।

इसमें साइबर अपराधियों पर की गई कार्रवाई, साइबर अपराध की बदलती शैली समेत अन्य विषयों पर सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा। इसके साथ ही साइबर पेट्रोलिंग व वैज्ञानिक अनुसंधान आदि के मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

देश भर हो रहे साइबर अपराध के मामलों के तार किसी न किसी तरह जामताड़ा गिरोह से ही जुड़े पाए गए हैं। इसी ट्रेंड पर आसपास के राज्यों में भी साइबर अपराध की घटनाएं हो रही हैं। इसी को देखते हुए गृह मंत्रालय के निर्देश पर राज्यों की संयुक्त टीम बनाई गई है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ माह में विभिन्न राज्यों में बड़ी संख्या में साइबर अपराधियों को पकड़ा गया है। साइबर अपराधियों ने कोरोना काल में कई राज्यों के लोगों से दवा व आक्सीजन के नाम पर बड़े पैमाने पर ठगी की थी।

बढ़ते आतंकी हमले के बीच गृह मंत्री शाह का कश्मीर दौरा आज

श्रीनगर (वार्ता)। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हिंसा की हालिया घटनाओं के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार को यहां आयेंगे। श्री शाह आतंकवादियों के खिलाफ जी-जान से जुटे पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। साथ ही आतंकवादियों से निपटने के लिए नई रणनीति तैयार करेंगे। पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद श्री शाह पहली बार जम्मू-कश्मीर के दौरे पर आयेंगे। श्री शाह के तीन दिवसीय दौरे से पहले श्रीनगर समेत पूरे कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गयी है। पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों को अलर्ट किया गया है। श्रीनगर के विभिन्न इलाकों में तलाशी अभियान तेज कर दिया गया है। सुरक्षा बलों ने दोपहिया वाहनों को जब्त करना जारी रखा है, हालांकि पुलिस का कहना है कि इसका गृह मंत्री के दौरे से कोई लेना-देना नहीं है। पिछले दो दिनों में पुलिस ने विभिन्न थानों में सैकड़ों दुपहिया वाहन जब्त किए हैं। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि श्री शाह के दौरे के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को टालने के लिए सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं।

आईएसआईएस लिंक की जांच पर कैप्टन का जवाब, कहा-

यूपीए सरकार ने भी अरूसा को भारत आने की दी थी मंजूरी

चंडीगढ़/ए.। पाकिस्तानी पत्रकार अरूसा आलम एक बार फिर पंजाब की राजनीति का मुद्दा बन गई हैं। पंजाब के उपमुख्यमंत्री सुखजिंदर रंधावा ने कहा है कि उनकी सरकार कैप्टन अमरिंदर की दोस्त अरूसा की पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से लिंक की जांच कराएगी। सुखजिंदर के आरोपों पर पलटवार करते हुए पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा है कि चन्नी सरकार को जनता से किए वादे पूरे करने पर ध्यान देना चाहिए। कैप्टन ने यह भी कहा कि अरूसा केंद्र सरकार से मंजूरी लेकर आती हैं और यूपीए सरकार ने भी उन्हें इजाजत दी। कैप्टन अमरिंदर के सलाहकार रवीन ठुकराल ने पूर्व सीएम का बयान जारी किया। इसमें कैप्टन ने कहा, ''सुखजिंदर आप मेरी कैबिनेट में मंत्री थे। आपको कभी अरूसा आलम के बारे में शिकायत करते नहीं सुना। वह 16 सालों से भारत सरकार की मंजूरी लेकर आती रही हैं।

पशोपेश — 26 अक्टूबर को कोवैक्सीन पर बैठक करने वाला है डब्ल्यूएचओ

कोवैक्सीन को मंजूरी देने डब्ल्यूएचओ बोला- समय लग सकता है

■ कोवैक्सीन को मंजूरी देने को लेकर तारीख पे तारीख दे रहा डब्ल्यूएचओ

संयुक्त राष्ट्र/ जिनेवा/ए.। भारत बायोटेक की कोविड-19 वैक्सीन कोवैक्सीन के लिए विश्वव स्वास्थ्य संगठन की मंजूरी का इंतजार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब डब्ल्यूएचओ के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि किसी भी वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी देने के फैसले के लिए उसका पूरी तरह से मूल्यांकन जरूरी होता है। इसकी सिफारिश करने की प्रक्रिया में कभी-कभी अधिक समय लग सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि सबसे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि विश्व को सही सलाह ही दी जाए, भले ही इसमें एक या दो सप्ताह अधिक लग जाएं।

डॉ. माइक रेयान बोले- इंतजार करना होगा

भारत में निर्मित कोविड-19 रोधी कोवैक्सीन टीके को आपात स्थिति में इस्तेमाल करने वाले टीकों की सूची में शामिल करने के निर्णय के लंबित होने के बीच डब्ल्यूएचओ के स्वास्थ्य आपात स्थिति कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक डॉ. माइक रेयान ने यह बयान दिया। रेयान ने ऑनलाइन सवाल-जवाब के दौरान किए एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उनसे पूछा गया था कि क्या 26 अक्टूबर तक कोवैक्सीन को टीकों की आपात इस्तेमाल की सूची (ईयूएल) में डालने पर कोई निश्चित उत्तर मिल पाएगा।

26 अक्टूबर को होगी डब्ल्यूएचओ की बैठक

इससे पहले, डब्ल्यूएचओ की प्रमुख वैज्ञानिक सौम्या स्वामीनाथन ने एक ट्वीट में कहा था कि भारत के भारत बायोटेक द्वारा निर्मित कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन को आपात स्थिति में इस्तेमाल करने वाले टीकों की सूची में डालने पर विचार करने के लिए डब्ल्यूएचओ में तकनीकी सलाहकार समूह 26 अक्टूबर को एक बैठक करेगा।

भारत बायोटेक से मांगी थी अतिरिक्त जानकारी

इस सप्ताह, वैश्विक स्वास्थ्य संगठन ने ट्वीट में कहा था कि वह भारत बायोटेक के टीके कोवैक्सीन के संबंध में अतिरिक्त जानकारी हासिल करने की उम्मीद कर रहा है। डब्ल्यूएचओ ने ट्वीट किया था कि हम जानते हैं कि बहुत से लोग, कोविड-19 के खिलाफ आपात स्थिति में इस्तेमाल किए जाने वाले टीकों की सूची में कोवैक्सीन के शामिल होने के लिए डब्ल्यूएचओ की सिफारिश की प्रतीक्षा कर रहे हैं, लेकिन हम हड़बड़ी में ऐसा नहीं कर सकते हैं।

राहुल के करीबी हरीश चौधरी को पंजाब की कमान

नई दिल्ली/ए.। कांग्रेस पार्टी ने हरीश रावत की जगह एक बार फिर हरीश चौधरी को पंजाब और चंडीगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। तत्काल प्रभाव से उनका कार्यकाल शुरू हो गया है। चौधरी पंजाब कांग्रेस में आंतरिक कलह के दौरान काफी सक्रिय थे और राहुल गांधी के साथ मसले को सुलझाने में जुटे हुए थे। राजस्थान के राजस्व मंत्री हरीश चौधरी के लिए राह आसान नहीं होने वाली है। राहुल गांधी के करीबी बताए जाने वाले हरीश चौधरी को यह जिम्मेदारी ऐसे समय पर दी गई है जब पंजाब में कांग्रेस पार्टी आंतरिक कलह से जूझ रही है।

संसद का शीतकालीन सत्र नवंबर के चौथे सप्ताह से शुरू होने की संभावना

नयी दिल्ली। संसद का लगभग एक महीने तक चलने वाला शीतकालीन सत्र नवंबर के चौथे सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सत्र के दौरान कोविड-19 के सभी प्रोटोकॉल का पालन किया जायेगा। सत्र की लगभग 20 बैठक होने की संभावना है और यह क्रिसमस से पहले समाप्त हो जाएगा। महामारी के मद्देनजर, संसद का शीतकालीन सत्र पिछले साल आयोजित नहीं किया गया था और इसके बाद के सभी सत्रों बजट और मानसून सत्रों-की अवधि में भी कोविड के कारण कटौती की गई थी। महामारी के मद्देनजर, संसद का शीतकालीन सत्र पिछले साल आयोजित नहीं किया गया था और इसके बाद के सभी सत्रों बजट और मानसून सत्रों की अवधि में भी कोविड के कारण कटौती की गई थी।

सूत्रों ने कहा कि हालांकि, अभी तक कोई आधिकारिक निर्णय नहीं लिया गया है। उन्होंने कहा कि सत्र 29 नवंबर से शुरू हो सकता है और 23 दिसंबर के आसपास समाप्त होगा। हालांकि, लोकसभा और राज्यसभा दोनों की बैठक एक ही समय पर होगी और सदस्य शारीरिक दूरी के मानदंडों का पालन करेंगे।

न्यूज गैलरी

शैक्षणिक योग्यता में संशोधन आदेश जारी

दुर्ग (नव प्रदेश)। कर्मचारी आयोग द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सिलेक्शन पोस्ट फेज-9 की परीक्षा के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है। इस परीक्षा की विज्ञप्ति में फार्मासिस्ट (एलोपैथी) पोस्ट के पद सम्मिलित हैं। इस पद के लिए संबंधित विभाग द्वारा शैक्षणिक योग्यता में संशोधन किया गया है। संशोधित शैक्षणिक योग्यता हेतु वेबसाइट का अवलोकन किया जा सकता है।

अवैध शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग (नव प्रदेश)। आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाकर रोकथाम की कार्रवाई की जा रही है। इसमें दशरथ यादव आत्मज जीवराखन यादव, ग्राम नरधा से अवैध विक्रय करते पाये जाने पर आबकारी अधिनियम कें अंतर्गत गिरफ्तार कर प्रकरण विवेचना मे लिया गया है। आरोपी से 5.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला जप्त किया गया है।

आज न्यू इंडिया का न्यू मीडिया पर संगोष्ठी

भिलाई (नव प्रदेश)। प्रदेश पत्रकार यूनियन छत्तीसगढ़ द्वारा 23 अक्टूबर दोपहर 12 बजे सेक्टर.4 एसएनजी स्कूल ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। संगोष्ठी का विषय न्यू इंडिया का न्यू मीडिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्ष गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू, विशिष्ट अतिथि डॉ शिव डहरिया, मंत्री अमरजीत भगत, कवासी लखमा, विधायक दुर्ग अरुण वोरा, विधायक भिलाई देवेन्द्र यादव, संयंत्र के प्रभारी निदेशक व आईपी मिश्रा होगे। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में आशुतोष तिवारी वरिष्ठ पत्रकार नई दिल्ली, मुकेश कुमार वरिष्ठ पत्रकार दिल्ली, रमेश नैय्यर वरिष्ठ पत्रकार छत्तीसगढ़, टीव्ही मुरली वरिष्ठ पत्रकार छग, एसएल निगम कुलपति अपने विचार व्यक्त करेंगे।

मछली पालन के लिए सरकार का बड़ा कदम

दुर्ग (नव प्रदेश)। बायो फ्लाक्स और रिसर्कुलेटरी एक्वा सिस्टम जैसी नई तकनीकों ने मछली पालन के लिए उद्यमियों हेतु अपार संभावनाओं के द्वार खोल दिये हैं। इसका लाभ उठाना अब बेहद आसान है। कोई भी किसान मछली पालन के लिए ऐसे प्रोजेक्ट लगाना चाहे तो इसके लिए 60 प्रतिशत तक अनुदान की सुविधा उपलब्ध है। यह बात कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने मत्स्यपालन से संबंधित वर्कशाप में कही।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने मछली पालन को कृषि का दर्जा दिया है तथा मछुवा कल्याण बोर्ड का गठन किया है। इन दो निर्णयों से मत्स्यपालकों के लिए आर्थिक तरक्की के बड़े रास्ते खुल गये हैं। स्थानीय स्तर पर जिला प्रशासन ने डीएमएफके माध्यम से मत्स्यपालकों के लिए डबरी तथा इसमें मछली पालन के लिए बीज तथा जाल आदि देने की शुरूआत की है। कलेक्टर ने कहा कि मत्स्यपालन को कृषि का दर्जा मिलने से नई संभावनाएं खुली हैं। यह आर्थिक आय बढ़ाने का शानदार अवसर है जब सभी ओर से आधुनिक ईकाइयों की स्थापना के लिए सहयोग मिल रहा है। इस ओर मछली उत्पादकों को बढ़ना चाहिए।

सीएसआर विभाग द्वारा होंगे विविध आयोजन

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध आयोजन किये जा रहे है। विदित हो कि भारत सरकार के निर्देशानुसार देश में राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में बीएसपी के सीएसआर विभाग द्वारा पायोनियर मोनुमेंट, सिविक सेंटर में 24 अक्टूबर को शाम संध्या 7 बजे, यूनिवर्सल पपेट शो के लाल बाबू द्वारा पपेट शो का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय एकता दिवस के मौके पर 26 अक्टूबर को लोक नृत्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें दामिनी ग्रुप, साक्षी, नंदिनी और कीर्ति ग्रुप अपने-अपने लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसी प्रकार 28 अक्टूबर को सुप्रसिद्ध पंडवानी गायिका सुश्री रीतु वर्मा द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी।

ठगड़ाबांध पर्यटन स्थल का इंतजार

दुर्ग (नव प्रदेश)। दुर्ग के प्रवेश द्वार में 14 करोड़ की राशि से निर्माणाधीन ठगड़ा बांध पर्यटन स्थल का काम अफसरों के आपसी सामंजस्य की कमी के कारण अत्यंत धीमा हो गया है। वरिष्ठ विधायक अरुण वोरा के प्रयासों से राज्य शासन ने दो वर्ष पूर्व पिकनिक स्पॉट के लिए बड़ी राशि स्वीकृत की थी जिसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा किया गया था किंतु आए दिन कार्ययोजना में परिवर्तन कर रोज नए निर्देश देने की वजह से निर्माण की समयावधि पूरी हो जाने के बाद भी अब तक आधा काम भी नहीं हो पाया है। गार्डन निर्माण, सायकल ट्रैक, जॉगिंग ट्रैक, लैंडस्केपिंग एवं बच्चों के झूले ओपन जिम का अब तक कहीं अता पता नहीं है उसकी जगह वर्तमान में कंक्रीट का जंगल में तब्दील होता नजर आ रहा है। निरीक्षण में पहुंचे विधायक ने अफसरों की क्लास लगाते हुए कहा कि 6 करोड़ से अधिक का भुगतान हो जाने के बाद भी अब तक पिकनिक स्पॉट अपने स्वरूप में नहीं आ सका है। आयुक्त कार्य की गति पर ध्यान रखते हुए गार्डनिंग, लैंडस्केपिंग, बच्चों का उद्यान जल्द से जल्द पूरा कराएं ताकि 1 जनवरी को मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पण करा के जनता को सौगात दी जा सके। शहर की जनता को आमोद प्रमोद एवं परिवार के साथ अच्छा समय बिताने राष्ट्रीय स्तर का पिकनिक स्पॉट उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वोरा ने 14 करोड़ की राशि स्वीकृत कराई थी जिसमें पार्किंग स्थल, फूड कोर्ट, बोटिंग सुविधा सहित सर्वसुविधायुक्त उद्यान का भी निर्माण किया जाना है।

धन्वंतरी दुकानों का दूसरा दिन, उम्मीद से ज्यादा आ रहे ग्राहक

स्वास्थ्य के क्षेत्र में कम बजट में गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने से लोग जुट रहे दुकानों में

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। धन्वंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर्स के माध्यम से जेनरिक दवाएं उपलब्ध कराने का शासन का उद्यम बेहद सफल रहा है। दूसरे दिन दवा दुकानों में लोगों की काफी भीड़ रही। दुर्ग बस स्टैंड स्थित दवा दुकान में दवा खरीदने आये नागरिक हितेंद्र कश्यप ने बताया कि मैं अपने माता-पिता के लिए बीपी की दवा लेता था। महीने भर का बजट लगभग 6 सौ रुपए था। मैंने यहां पर मात्र 282 रुपए में महीने भर की दवा खरीद ली है। दवा का खर्च कम होने से अब मैं उनके लिए फल-फूल का इंतजाम करूंगा। इस तरह से उनके ही स्वास्थ्य लाभ के लिए विशेष तौर पर खर्च करूंगा। भिलाई में शास्त्री मार्केट में दवा लेने पहुंची राखी साहू ने बताया कि उनके पड़ोसी ने बताया कि उन्होंने कल मल्टी विटामिन जेनरिक दवा दुकान से खरीदी और काफी सस्ती मिली। मैंने सोचा कि मैं भी देखती हूँ। कोरोना से ठीक होने के बाद इम्यूनिटी बढ़ाने के लिए मैं मल्टी विटामिन ले रही हूँ, कुछ पैसे बच जाएं तो बहुत अच्छा है। मैंने हर्बल प्रोडक्ट भी ले लिये। राखी ने बताया कि छत्तीसगढ़ में हर्बल प्रोडक्ट खरीदना हमेशा फायदे का सौदा है क्योंकि हमारे बस्तर के जंगल तो वनौषधियों के भरमार ही हैं और यहां पर शुद्ध सामान ही मिलेगा। दवा खरीदने मदर्स मार्केट में पहुंचे सोनू चंद्राकर ने बताया कि मैंने आमिर खान का सत्यमेव जयते देखा था और सुना था कि जेनरिक दवाएं उसी फर्मेशन में होती हैं और बेहद सस्ती होती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं।

निगमायुक्त ने किया धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स का अवलोकन

दुर्ग (नव प्रदेश)। दुर्ग नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने प्रातः सस्ती दवाई दुकान श्री धनवंतरी जेनेरिक दुकान का निरीक्षण किए विगत दिनों माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निम्न एवं मध्यम तबके के लोगों के लिए सस्ती दवाई दुकान का वर्चुअल उद्घाटन किया था। नगर निगम दुर्ग सीमा क्षेत्र में नया बस स्टैंड के सामने नलघर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में और सिंधिया नगर मुक्तिधाम के पास सस्ती दवाई दुकान खोला गया है। निगमायुक्त दोनों दुकानों में पहुँचकर के संचालकों से चर्चा कर उन्हें होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निर्धारित समय अनुसार ही दुकान संचालित करने और रिकार्ड संधारण करें, ग्राहकों के साथ शालीनता का व्यवहार करें पर्याप्त स्टॉक भी दुकानों में रखें।

मोबाईल मेडिकल यूनिट के शिविर स्थल पर अब वैक्सीनेशन की शुरूआत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे आज वार्ड 31 दुर्गा मंदिर मिलावट पारा में मोबाईल मेडिकल युनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर के निरीक्षण के लिए पहुंचे। उन्होंने वहां परीक्षण एवं ईलाज के लिये आये हुये हितग्राहियो से स्वास्थ्य लाभ को लेकर चर्चा की। मेडिकल स्टॉफ एवं दवाईयों की उपलब्धता की जानकारी लेते हुए किस प्रकार के बीमारी से ग्रसित मरीज परीक्षण एवं ईलाज के लिये ज्यादा आ रहे है इसके बारे में पूछा। आज से मोबाइल मेडिकल यूनिट के स्वास्थ्य शिविर के समीप ही कोविड 19 से बचाव के लिए टीकाकरण की शुरूआत की गई है, जहां टीकाकरण के लिये पृथक से टीम की व्यवस्था की गई है, जो कोरोना वायरस से बचाव के लिये टीकाकरण का काम कर रही है। निगमायुक्त ने निरीक्षण के दौरान टीकाकरण की बेहतर व्यवस्था बनाने के निर्देश नोडल अधिकारी सुनील अग्रहरि को दिये है।

निरीक्षण के दौरान एपीएम भावना राजपूत मौजूद रही। एमएमयू में टीकाकरण की शुरूआत के पहले दिन 112 लोगो ने सुरक्षित तरीके से टीकाकरण कराया।

दिनांक 23 अक्टूबर 2021 दिन शनिवार को 18 प्लस एवं 45 प्लस उम्र समूह के लोगों को कोविशिल्ड एवं कोवैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। कोविशिल्ड के लिए निर्धारित किए 17 केन्द्रों में प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाया जाएगा इसी प्रकार कोवैक्सीन के लिए निर्धारित 02 केन्द्र में 18 प्लस एवं 45 प्लस आयु वर्ग के लिए प्रथम एवं द्वितीय डोज लगाया जाएगा। इन केन्द्रों में लगेगा कोवैक्सीन के प्रथम एवं द्वितीय डोज का टीका -* वार्ड 09 मंगल बाजार कोहका सामुदायिक भवन, वार्ड 12 शिवमंदिर कांजी हाउस।

आयुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को थमाया नोटिस

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे जोन क्रमांक 03 मदर टेरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत कैंप 1 के प्रगति नगर आंगनबाड़ी पहुंचे। उन्होंने आंगनबाड़ी का सम्पूर्ण निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय एक गर्भवती माता अपने दो बच्चों के साथ भोजन के लिए प्रगति नगर आंगनबाड़ी पहुंची। आयुक्त ने महिला से चर्चा उपरांत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता से पूछा कि आज भोजन में क्या बनाया है, उत्तर आया कि भोजन तैयार हो गया है जब भोजन की तैयारी देखी गई तो भोजन बनाने की प्रक्रिया ही प्रारंभ नहीं हुई थी, आयुक्त ने इस पर नाराजगी जताई उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भुनेश्वरी एवं सहायिका राज कौर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र को जिस उद्देश्य के लिये संचालित किया जा रहा है, उस

उद्देश्य का पालन केन्द्र में नहीं हो रहा है। केन्द्र की व्यवस्था सुधारने आयुक्त ने कार्यकर्ता एवं सहायिका को निर्देश दिये अन्यथा उचित कार्यवाही करने की चेतावनी दी। भोजन के गुणवत्ता पर उन्होंने विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के एवं गर्भवती माताओ के आने की संख्यात्मक जानकारी ली, बच्चों के खिलौने देखे, भोजन बनाने के लिये उपयोग में लाई जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उपस्थिति पंजी भी देखा, दर्ज बच्चों की संख्या की पंजी के माध्यम से जानकारी ली।

प्रिवेंटिव मेंटेनेंस के तहत टाउनशिप के कुछ क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

भिलाई (नव प्रदेश)। भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग के अन्तर्गत टाउन इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा वार्षिक रखरखाव योजना 2021-2022 के तहत टाउनशिप में विद्युतीय मेंटेनेंस कार्य संपादित किये जा रहे हैं। इस कार्य के तहत 23 अक्टूबर, से 30 अक्टूबर के मध्य विभिन्न स्थानों में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेंगी। तिथि अनुसार प्रभावित होने वाले क्षेत्र हैं। 23 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-4 व 5 तथा इंदिरा प्लेस, 25 अक्टूबर 2021 को सेक्टर- 1 व सेक्टर- 2 का आधा भाग, 26 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-2 का शेष आधा भाग व सेक्टर-6 का एक तिहाई भाग तथा 27 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-4,29 अक्टूबर 2021 को सेक्टर-10, 30 अक्टूबर 2021 को रुआबंधा और रिसाली सेक्टर में विद्युत आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

राज्य के साथ ही जिले में भी 1 नवंबर को होगा राज्योत्सव का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। 01 नवंबर को राज्योत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर जिले में भी इस तिथि को पुलिस परेड ग्राउंड में राज्योत्सव का आयोजन होगा। रविभिन्न विभागों के द्वारा शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं, कार्यक्रमों, सेवाओं व फ्लेग शीप योजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने राज्योत्सव के आयोजन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी दी है। इनमें एडीएम नुपुर राशि पन्ना, सीईओ जिला पंचायत एसआलोक एवं जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास बघेल की सदस्यता में कार्यक्रम संचालन समिति का गठन किया गया है। इनके सहयोग के लिए अन्य विभागीय अधिकारियों को दायित्व सौपा गया है। जागेश्वर कौशल को

मंत्रीगणों एवं अन्य अतिथियों को आमंत्रण पत्र वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। दुर्ग निगम आयुक्त हरेश मंडावी को कार्यक्रम स्थल की साफ-सफाई का दायित्व सौंपा गया है। इसी तरह लोक निर्माण विभाग, तांदुला जल संसाधन, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा एवं अभियंता लोक निर्माण विभाग, इलेक्ट्रानिक एवं मशीनरी विभाग को मंच निर्माण, स्टाल निर्माण, बेरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था का दायित्व दिया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन हेतु संयुक्त कलेक्टर प्रवीण वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास प्रियवंदा रामटेके को दी गई है। स्थानीय कलाकारों एवं अतिथियों के वाहन व्यवस्था की जिम्मेदारी आरटीओ अनुभव शर्मा को दी गई है। कलाकारों के रूकने एवं अन्य व्यवस्था के लिए खाद्य नियंत्रक, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास एवं आबकारी नोहर सिंह दी गई है।

मोहल्लों में प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए निगम अफसर और ईईएसएल को शख्त निर्देश

त्योहारी सीजन दीपावली,छठ पूजा को लेकर जारी निर्देश

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम महापौर धीरज बाकलीवाल ने आज त्योहारी सीजन को देखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं डीएससी के साथ आवश्यक समीक्षा बैठक ली,इस मौके पर विद्युत विभाग प्रभारी भोला मोहबिया,लोक कर्म प्रभारी अब्दुल गनी,जलकार्य प्रभारी संजय कोहले,भवन अधिकारी प्रकाश चंद थावनी,सहायक अभियंता एआर रंहगडाले, प्रभारी सचिव शुभम गोइर,शौयब अहमद मौजूद थे।महापौर धीरज बाकलीवाल ने कहा कि शहर के मुख्य मार्गों से लेकर गली-मोहल्लों समेत अन्य जगहों पर रात के समय अंधेरे न छाए अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें,लापरवाही को उजागर न

करें।उन्होंने ने कहा की फील्ड पर रहकर काम करें, शहर के मुख्य मार्गो पर सड़को के किनारे,गलियों में बाजार क्षेत्रो व सड़को के बीच मे लगी स्ट्रीट लाइट्स की व्यवस्था दुरुस्त करें, जहाँ जहाँ बंद है तत्काल सुधार करवाए,शिकायत का मौका न और दिवाली पर्व पर विद्युत आपूर्ति सुचारू रहे,आम जनताओं को आवाजाही में परेशानियों का सामना न करना पडे। लोगो की शिकायतों को देखते हुए हरकत में आए महापौर ने अपने विद्युत विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के अमले को गली-मोहल्लों में भेजने और लाइटों को दुरुस्त करवाने के शख्त निर्देश दिए इसके चार जोन की टीम बनाई गई है एवं एक टीम इमरजेंसी के लिए रहेगी।उन्होंने कहा कि दिवाली पर्व पर शहर को रोशनियों से सजाया जाएगा।सभी चौराहों पर आकर्षक लाइटिंग की जाएगी।

100 करोड़ कोविड टीकाकरण पर संयंत्र के निदेशक प्रभारी ने दी बधाई

भिलाई (नव प्रदेश)। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने देश में 100 करोड़ कोविड टीकाकरण के महारिकॉर्ड पर बधाई देते हुए कहा कि हम भारतवासियों के लिए यह गर्व का विषय है कि देश ने 100 करोड़ कोविड टीका लगाने का महारिकॉर्ड कायम किया है। आजादी के अमृत महोत्सव में हमारी यह उपलब्धि निश्चित ही अमृत वर्षा के समान है। विदित हो कि सेल-बीएसपी द्वारा 47,275 टीका लगाया जा चुका है। जिसमें 95.13 प्रतिषत कार्मिकों को टीके का पहला डोज लगाया जा चुका है। 71.71 प्रतिषत कार्मिकों ने टीके का दूसरा डोज भी लगा लिया है। इस प्रकार कुल लगभग 85.5 प्रतिषत कार्मिकों का संपूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है।

जामुल में ओवरलोड वाहनों पर की गई कड़ी कार्यवाही

नव प्रदेश संवाददाता

जामुल। नगर पालिका क्षेत्र जामुल में आज ओवरलोड भारी वाहनों के ऊपर कड़ी कार्यवाही की गई। नव निर्मित सड़क जो कि रिहाईशी एवं व्यवसायिक क्षेत्र से गुजरती है। उसके ऊपर मुरूम लेकर भारी वाहन तेज गति से चल रही थीं। जिसका आकस्मिक निरीक्षण सहायक कलेक्टर एवं जामुल नगर पालिका सी0एम0ओ0 हेमंत रमेश नंदनवार ने किया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त वाहनों में क्षमता से अधिक लोड लेके परिवहन कर रही थी जिसमें नवनिर्मित डामरीकृत सड़क क्षतिग्रस्त हो रही थी इसके रोकथाम के लिए सभी भारी वाहनों को तत्काल रोका गया एवं जामुल पुलिस के हवाले किया गया। गौरतलब हो कि नगर पालिका कार्यालय जामुल से शेष कॉलोनी तक का मार्ग कुछ दिन ही पूर्व डामरीकरण हुआ है। जिसका उपयोग ज्यादातर हल्के वाहनों के लिए किया जाना हैं किन्तु शार्टकट तरीका अपनाते हुए वाहन चालक व्यवसायिक एवं रिहाईशी क्षेत्र में तेजी से वाहन चलाते है। जिसमें दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे संज्ञान में लेते हुए सहायक कलेक्टर जामुल सी0एम0ओ0 श्री नंदनवार द्वारा नियमानुसार कार्यवाही कर वाहनो को जामुल पुलिस के सुपुर्द किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग , उतई सर्किल (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. अ-6 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक टिकाराम साहू पिता श्री नारायण साहू जाति तेली निवासी ग्राम डुण्डेरा, शांति नगर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम पर मौजा डुण्डेरा प.ह.न. 57 स्थित भूमि खसरा नं. 538/3 रकबा 0.024हे. स्थित है। राजस्व अभिलेख में टिकाराम साहू आ. श्री नारायण साहू का नाम नाबालिक उल्लेखित है जो कि वर्तमान में बालिग हो चुका है एवं वर्तमान में आधारकार्ड के अनुसार उम्र 55 वर्ष है। आवेदक के नाम पर नाबालिग दर्ज नाम को बालिग किए जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो वह पेशी दिनांक 26.10.21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक दिनांक 11.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा कि साथ जारी किया गया है।

मुहर
नायब तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

AFFIDAVIT

I, Rashida Hussain W/o Shakir Hussain age 51 years, R/o Kasaridih, Durg (C.G.) do hereby solemnly affirm and declare as under :- 1. That my actual spelling of name is Rashida Hussain and D.O.B. is 05.02.1971 which has wrongly been writing in my husband Army Part-II order record as R. Husain and D.O.B. is 05.05.1970.
2. That both the Rashida Hussain D.O.B. 05.02.1971 and R. Hussain D.O.B. 05.05.1970 are same.
3. That the actual name and D.O.B. of deponent is Rashida Hussain and D.O.B. is 05.02.1971.
4. That all the contents of affidavit are true and correct.

DEPONENT

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 20211010400309

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक संतु राम बांधव आ. बनिहार राम बांधव निवासी सेक्टर-4 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 220/13 रकबा 0.0204 हें/ 2200 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 20.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट	पक्षकार का नाम	ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं.
202110100400119	कुंवरसिंह देहवारी	अ-2/2021/22

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कुंवरसिंह देहवारी आ. झग्गर राम देहवारी निवासी ब्लॉक नं. 29/1 जे सेक्टर-6 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	840/33	0.020 हें /1605 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. रियाजुद्दीन शेख पिता मरहूम मो. शमशुद्दीन शेख निवासी केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/522 का टु. रकबा 1320 वर्गफुट हे. भूमि को विक्रेता लता उर्वशा पति युगल किशोर उर्वशा निवासी ग्राम टेकापार से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 07.10.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 21.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 20211010400286

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका दीपा सिंह पति संदीप कुमार सिंह निवासी प्रगति नगर रिसाली भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम अंजोरा प.ह.न. 28 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 159/8 रकबा 0.0200 हें/ 2250 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 18.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 20211010400343

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक दीपक कुमार बांधे आ. शंकर लाल बांधे निवासी उमरपोटी तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 757/33 रकबा 0.0140 हें/ 1495 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. 20211010400086

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका भगवती पति मिट्ठू राम निवासी से. 4 भिलाई तह. व जिला दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 17/7 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 651/8 रकबा 0.028 हें/ 3000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 05.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

सूचना सहायक अब सूचना अधिकारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ जनसंपर्क अधिकारी संघ ने सूचना सहायकों के पदनाम बदले जाने की संगठन की बरसों पुरानी मांग पूरी होने पर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। संगठन ने बताया है कि जनसंपर्क में सूचना सहायक के पदनाम को अब छत्तीसगढ़ में सहायक सूचना अधिकारी कर दिया गया है। संगठन द्वारा जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि आज दिनांक को जनसंपर्क विभाग द्वारा इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। शासन के महत्वपूर्ण निर्णयों तथा विकास संबंधी गतिविधियों से संबंधित सूचनाओं के संकलन व संधारण के लिए तृतीय श्रेणी कार्यपालिक पद सूचना सहायकों को राजभवन, मंत्रालय प्रेस प्रकोष्ठ, मुख्यमंत्री प्रेस प्रकोष्ठ, मंत्रियों से संबद्ध करने के साथ ही अनेक महत्वपूर्ण कार्यस्थलों पर पदस्थ किया जाता है, पदनाम कर्तव्यों के अनुरूप न होने के कारण अनेक तरह की व्यावहारिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। संयुक्त मध्यप्रदेश के समय से ही सूचना सहायकों द्वारा पदनाम में परिवर्तन की मांग की जा रही थी। संघ ने कहा है कि अब नया पदनाम कर्तव्यों की गरिमा के अनुकूल है। संगठन ने बताया है कि अभी दो दिन पहले ही अपने 12 बिन्दुओं के विभिन्न मांगों को लेकर संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। इन मांगो को पूरा करने हेतु संघ ने आगे की कार्यवाही की अपेक्षा भी की है ।

निशुल्क स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर आज

रायपुर/नवप्रदेश। संगी मितान सेवा समिति एवं नगर निगम रायपुर अभियंता संघ द्वारा निःशुल्क स्वास्थ शिविर व रक्तदान शिविर का आयोजन नगर निगम मुख्यालय महात्मा गांधी सदन कार्यालय के सामने स्थित स्व. विद्याचरण शुक्ल उद्यान परिसर में 23 अक्टूबर शनिवार को समय सुबह 11 बजे से दोपहर 02 बजे तक किया जाना हैं। इस शिविर में संपूर्ण हेल्थ जांच निःशुल्क किया जावेगा एवं स्पेशलिस्ट व अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा निःशुल्क चिकित्सक परामर्श दिया जावेगा तथा रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया है। सभी अपने साथ अपने परिवारजनों एवं संबंधित परिचितों के साथ आकर सेवा का लाभ ले सकते है। संगी मितान समिति के अध्यक्ष निशिकांत वर्मा ने आह्वान किया है कि इस आयोजन को सफल बनाने में सभी अपना योगदान दें।

चाकू दिखाकर लूट, तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए है। आलम यह है कि ये लोग सुबह गैंग बनाकर नशे के लिए पैसे की वसूली करते हैं। मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों से जबरन वसूली करते हैं। इतना ही नहीं ये आरोपी चाकू अड़ाकर पैसे और मोबाइल की लूट करते हैं। ऐसे मामलों में पैसे नहीं देने पर 4 राहगीरों को चाकू मारकर घायल कर चुके हैं। इस प्रकार की वारदातें विजय नगर, राजीव गांधी नगर सहित सृष्टि प्लाजो इलाके में सामने आयी है। जहां आरोपियों ने उत्पात मचा रखा है। इस मामले में खम्हारडीह थाना इलाके से 3 आरोपी गिरफ्तार हुए हैं वहीं 1 आरोपी अभी फरार है।

1 लाख 25 हजार की ऑनलाइन ठगी

रायपुर। क्रेडिट कार्ड बंद करने कहने पर महिला को एनी डेक्स एप डाउनलोड करवाकर खाते से आनलाईन 1 लाख 25 हजार का ट्रांजेक्शन कर ठगी कर लिया। मामले की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज कराई गई है। स्टेट बैंक कालोनी सुंदर नगर रायपुर निवासी रजनी सोनी 41वर्ष पिता स्व. रामकृष्ण सोनी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि एक्सीस बैंक से उसे क्रेडिट कार्ड उसे मिला था जिसे वह एक्टीवेट नहीं किया था। 14 अक्टूबर को अज्ञात व्यक्ति ने उसके मोबाइल पर कॉल करके कहा कि क्रेडिट कार्ड का सर्विस चार्ज लगेगा। तब उसे क्रेडिट कार्ड बंद करवाना है कहा जिसके बाद आरोपी ने उसे एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाकर ऑनलाईन खाते से अलग–अलग कर 1 लाख 25 हजार ट्रांजेक्शन कर ठगी कर लिया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

26 को एआईसीसी में बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय कांगेस कमेटी मुख्यालय दिल्ली में 26 अक्टूबर को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारीगण और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गयी है। इस बैठक में कांग्रेस की सदस्यता अभियान पर चर्चा होगी साथ ही कांग्रेस द्वारा देशभर में चलाये जाने वाले जन जागरण अभियान और ट्रेनिंग प्रोगाम पर भी चर्चा होगी। इसके आलाव विभन्न प्रदेश में होने वाले आगामी विधानसभा चनावों पर भी चर्चा होगी। बैठक में प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष मोहन मरकाम तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दोनों प्रभारी महामंत्री रवि घोष, चन्द्रशेखर शुक्ला भी भाग लेंगे।

196 नकली गैस रेग्यूलेटर जब्त

रायपुर/नवप्रदेश। दीपावली त्यौहार से पहले खाद्य विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। खाद्य विभाग की टीम ने शहर के तीन बड़े कारोबारियों के ठिकाने पर दबिश देकर कार्रवाई की। जिसमें गोलछा इंटरप्राइजेस, जय भारती स्टोर समेत भारत पात्र भंडार की दुकानों पर खाद्य विभाग कार्रवाई की गई। छापामार कार्रवाई के दौरान टीम ने 3 गैस एजेंसियों के 196 नकली गैस रेग्युलेटर जब्त किया है।

सीएम भूपेश के साथ शैलेन्द्र को भी मिला 'गार्ड ऑफ ऑनर', मंत्रियों और उच्चाधिकारियों से कराया परिचय

रायपुर/नवप्रदेश। लाइलाज प्रोजेरिया बीमारी से जूझ रहे गरियाबंद के आदिवासी किशोर शैलेंद्र के जीवन-संघर्ष के बारे में मीडिया से जानकारी मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उन्हें रायपुर बुलवाकर आईजी-एसपी कान्फ्रेंस के दौरान मुलाकात की। सीएम ने शैलेन्द्र और उनके पिता के साथ बैठकर भोजन भी किया। एसपी कान्फ्रेंस के बाद पुलिस बल द्वारा मुख्यमंत्री को दिए जाने वाले 'गार्ड ऑफ ऑनर' में शैलेन्द्र को भी स्थान दिया गया।

मुख्यमंत्री बघेल द्वारा पूछे जाने पर शैलेन्द्र ने बताया कि उनकी उम्र 16 वर्ष है और वे हाई स्कूल रसेला में 11वीं के छात्र हैं तथा भविष्य में कलेक्टर बनकर देश की सेवा करना चाहते हैं।

मुख्यमंत्री ने शैलेन्द्र को कान्फ्रेंस में उपस्थित मंत्री रविन्द्र चौबे एवं ताम्रध्वज साहू तथा अधिकारीगण मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी तथा अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का परिचय कराया।

मुख्यमंत्री बघेल ने बस्तर संभाग के आईजी पी. सुंदरराज का परिचय देते हुए बताया कि ये नक्सलियों से लड़ते हैं और आईजी इंटेलिजेंस आनन्द छाबड़ा का परिचय देते हुए बताया कि ये सूचना प्रमुख हैं।

मुख्यमंत्री ने चर्चा के दौरान शैलेन्द्र से पूछा कि उन्हें ठेठरी, खुरमी पसन्द है या चॉकलेट। शैलेन्द्र की पसंद पर मुख्यमंत्री ने उसे खूब सारी चॉकलेट दी और अपने हाथों से मिठाई भी खिलायी। सीएम बघेल ने आईजी-एसपी कान्फेंस समाप्त होने के बाद शैलेंद्र को न्यू सर्किट हाउस ऑडिटोरियम में बुलाया और अपने बगल की कुर्सी में बिठाकर शैलेंद्र से बड़ी आत्मीयता के साथ बातचीत की। उन्होंने शैलेंद्र से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री द्वारा पूछे जाने पर शैलेंद्र ने जब बताया कि वह कक्षा ग्यारहवीं का छात्र है, तो मुख्यमंत्री ने इस बात पर उपस्थित लोगों से तालियां बजवाई। शैलेंद्र ने बताया कि उनके पिता बंशीलाल ध्रुव तथा मां रामकली ध्रुव खेती-किसानी करते हैं। मुख्यमंत्री बघेल ने गरियाबंद पुलिस अधीक्षक पारूल माथुर से शैलेंद्र का परिचय कराया और माथुर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शैलेंद्र को आमंत्रित करने कहा।

पेशी पर आए हत्या का आरोपी फरार

रायपुर/नवप्रदेश। जिला कोर्ट में पेशी पर आए हत्या का आरोपी पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। मामले में सिविल लाइन थाने में अपराध दर्ज कर पतासाजी की जा रही है। अनुपम झा 30 वर्ष पिता अवधेश को विशेष न्यायाधीश विजय कुमार की कोर्ट में आरक्षक राजेन्द्र प्रसाद पटेल द्वारा पेशी के लिए लाया गया था। पेशी के बाद दोपहर 3:30 बजे आरोपी ने बाथरूम जाने का बहाना बना मौका पाकर फरार हो गया। पुलिस ने शहर में नाकाबंदी की, वहीं, कोर्ट के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए, लेकिन देर शाम तक फरार आरोपी का पता नहीं चल पाया था। बता दें कि टीकरापारा थाना क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2016 में सराफा कारोबारी पंकज बोथरा हत्या मामले में आरोपी अनुपम झा को 2018 में गिरफ्तार किया गया था।

राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए तैयारियां जोरों पर

रायपुर। छत्तीसगढ़ में आदिवासी संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन और इसे राष्ट्रीय स्तर पर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में 28 से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव के लिए जोरों से तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए मुख्य समारोह मंच सहित अलग-अलग विभागों के लगने वाले स्टालों का भी निर्माण जोर-शोर से किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि 28 अक्टूबर से शुरू होने वाले इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के लोक कलाकारों के साथ-साथ देश के विभिन्न राज्यों तथा विदेश के कलाकारों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी।

कमेटी ने नहीं दी रिपोर्ट तो उग्र हुआ आंदोलन

कोरोना वारियर्स के बूते जीत रहे हैं जंग, वही उतरे सड़क पर

रायपुर/नवप्रदेश। एक तरफ पूरा देश 100 करोड़ टीकाकरण का जश्न मना रहा है, और कहीं कोरोना योद्धा को इसका श्रेय दे रहा है, दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ में कोरोना योद्धा लगभग 61 दिनों से अपनी मांगों को लेकर सड़क पर हैं। कोरोना काल में अस्थायी रूप से भर्ती किए गए कोरोना योद्धाओं की चरणबद्ध समाप्ति को लेकर गुस्साए स्वास्थ्यकर्मी आंदोलन कर रहे हैं। सेवा बढ़ाने की मांग को लेकर रायपुर के धरना स्थल पर पिछले 61 दिनों से आंदोलनकारी दिन-रात आंदोलन स्थल पर प्रदर्शन कर रहे हैं।

दरअसल, सीएम भूपेश बघेल के आदेश के बाद एक कमेटी गठित की गई थी, जिसमें एक माह के भीतर रिपोर्ट सौंपना था। जिसकी 17 अक्टूबर अंतिम तिथी थी, लेकिन आज के तारीख तक कोई रिपोर्ट नहीं आई है और न ही उनसे कुछ पूछा गया, जिससे नाराज कोरोना वॉरियर्स ने मोर्चा खोल दिया है।

समिति के लोगों को कुछ नहीं पता : कोरोना योद्धाओं का कहना है कि समिति में शामिल लोगों को ही पता नहीं होता है कि कोई समिति बनी है और वे इसके सदस्य हैं। इससे ही स्पष्ट है कि सरकार क्षणीक रूप से कमेटी गठित का ऐलान कर समस्या का समाधान नहीं, बल्कि आंदोलन को दबाने की कोशिश किया है। ऐसे में वे घेराव करने के लिए जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने बैरिकेड लगाकर रोक लिया।

एक दर्जन से अधिक लोगों की बिगड़ी थी तबीयत : बता दें कि सेवा वृद्धि की मांग को लेकर पिछले 61 दिनों से आंदोलन कर रहे आंदोलनकारियों

को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अब तक करीब 30 लोगों की धरना स्थल पर ही तबीयत बिगड़ी, जिसमें से करीब 20 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया जा चुका है, जिसमें से अधिकतर लोगों में टाइफाइड डेंगू मलेरिया जैसे बीमारियों का सामना करना पड़ा। हालांकि सभी की हालात ठीक है, अधिकतर लोगों को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। वहीं कोरोना योद्धा ठीक होने के बाद दोबारा धरना प्रदर्शन पर अपना आंदोलन जारी रखते हैं।

क्रांतिकारी कोरोना योद्धा संघ के प्रदेश अध्यक्ष हुमेश जायसवाल सहित अन्य आंदोलनकारियों का कहना है कि जान जोखिम में डालकर पहले ही लोगों की सेवा की, अब स्थिति में सुधार होते ही हमें निकाल दिया गया। अपना रोजगार, अपनी नौकरी बचाने की जिम्मेदारी हमारी है। विपरीत परिस्थितियों में जब हमें अपनी जान की ही परवाह नहीं है, तो यह हमारे रोजी-रोटी की लड़ाई है, यह लड़ाई हमारी अपनी है, मांग मनवाकर ही दम लेंगे। उनका कहना है कि हमारे साथियों का हौसला अभी भी कम नहीं हुआ है, बल्कि हौसले दिनों दिन और बुलंद होते जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी साथियों की हालत अभी स्थिर है। जिन्हें जहरीले सांप ने काटा था, वह अभी ठीक होते जा रहे हैं। अभी वह खतरे से बाहर हैं, उनके साथ-साथ जितने भी लोग हैं, जो अस्वस्थ हैं. उनकी भी हालात अभी ठीक है।

राजधानी में राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारी शुरू

नजर आएंगे 8 देशों के कलाकार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के साइंस कॉलेज में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव की तैयारी जोर शोर से जारी है। कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के प्रयास में विभागीय मंत्री के साथ ही अधिकारीऔर कर्मचारी जुट गए हैं। नृत्य महोत्सव में भागीदारी के लिए अभी तक 8 देशों की सैद्धांतिक सहमति मिल गई है।

विदेशी कलाकारों द्वारा मुख्य समारोह में अपने-अपने देशों की लय, ताल और धुन पर आकर्षक एवं जीवंत प्रस्तुति प्रस्तुत की जाएगी। इसके अलावा भारत के लगभग 29 राज्यों से कलाकारों का दल भी राष्ट्रीय आदिवासी नृत्य महोत्सव में शामिल होगा। संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न देशों से आने वाले कलाकारों एवं प्रतिभागियों के आवास, परिवहन एवं अन्य व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, इनमें भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी डी. राहुल वेंकट युगांडा, नाइजीरिया, और स्वाजीलैण्ड के कलाकारों एवं प्रतिनिधियों के देखरेख एवं व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

इसी प्रकार भारतीय प्रशासनिक सेवा की अधिकारी अभिजीत सिंह को माले, उज्बेकिस्तान और श्रीलंका के प्रतिभागियों से समन्वय के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी इफ्फत आरा को फिलिस्तीन और सीरिया के कलाकारों व प्रतिभागियों से समन्वय के लिए प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनीष मिश्रा और शशांक पाण्डेय को जूरी के साथ समन्वय के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलुस

- **सुबह और देर रात काम पर निकले-लौटने वाले लोगों को धमकाकर करते थे लूट**

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में लुटेरों का हौसला इतना अधिक बुलंद है कि वे सुबह और देर रात काम पर निकले या काम से लौटने वाले लोगों को धमकाकर उनपर हमला करके कीमती सामान लूट लेते हैं। पुलिस ने इस तरह की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उसी क्षेत्र में जुलूस निकाला है जहां ये अपना दबदबा बनाना चाह रहे थे।

बताया जा रहा है कि आधे घंटे के भीतर 4 राहगीरों पर धारदार हथियार से हमले के बाद इलाके में दहशत का माहौल था, कुछ ही देर में पकड़कर सलाखों के पीछे डाल दिया। जानकारी के मुताबिक बदमाशों ने खम्हरडीह थाना क्षेत्र के विजय नगर, राजीव गांधी नगर, सृष्टि प्लाजा समेत राजीव गांधी चौक के आसपास के इलाकों को निशाना बनाया। यह बदमाश या तो देर रात बाहर निकलने वाले राहगीरों को लूटता है या फिर मॉर्निंग वॉक पर निकलने वाली महिलाओं, लड़कियों या अन्य लोगों को डकैती का शिकार बनाता है।

राहगीर की जांघ पर हमला : शुक्रवार की सुबह खम्हारडीह थाना के अंतर्गत विजय नगर में राहगीरों पर बदमाशों ने चाकू दिखाकर पैसे की मांग करते हुए लूट के वारदात को अंजाम दिया है। सब्जी व्यापारी फलेश्वर चौहान सुबह-सुबह सब्जी खरीदने डूमरतराई जा रहे थे। बीच रास्ते रोक 4 युवकों ने उससे पैसों की मांग की। फलेश्वर ने डरकर 200 रुपए जेब से निकालकर दे दिया, लेकिन इसके बाद बदमाश उनके जांघ पर हमला कर फरार हो गए। **बदमाशों ने पैर व गले पर किया हमला :** इसी तरह बदमाशों ने तोगु बाबूराव को शीतला तालाब के पास रोककर पैसों की मांग की। युवक ने जब पैसे देने से इंकार किया तो बदमाशों ने पैर और गर्दन पर हमला कर दिया। जख्मी तोगु बाबूराव ने थाना पहुँचकर घटना को लेकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। **इस तरह बचाई अपनी जान :** एक अन्य मामले में देर रात ड्यूटी से लौट रहे पत्रकार की बाइक रोकने की कोशिश की, नहीं रुकने पर गालियां दीं। पत्रकार ने बिना रुके तेज गति से बाइक भगा कर अपनी जान बचाई।

वालफोर्ट हाइट्स फेज टू की लॉन्चिंग पहले ही दिन 150 से अधिक बुकिंग

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की सबसे प्रतिष्ठित रियल एस्टेट कम्पनी वॉलफोर्ट ग्रुप अपना मल्टिस्टोरी प्रीमियम रेजीडेंशियल प्रोजेक्ट वॉलफोर्ट हाइट्स फेज-2 की लांचिंग के पहले ही दिन 150 से अधिक बुकिंग हुई।

कंपनी के डायरेक्टर पंकज लाहोटी ने कहा कि लोगों ने वॉलफोर्ट के प्रोजेक्ट्स को हमेशा से अच्छा प्रतिसाद दिया है लेकिन इस बार लांचिंग को बहुत ही शानदार प्रतिसाद मिला है।

फेज-2 में ग्राहकों के लिए 2, 3 बीएचके फ्लैट्स से लेकर 5 बीएचके पेंट हाउस उपलब्ध हैं, साथ ही यहां मिलने वाली 100 से भी अधिक एमेनिटीज इस प्रोजेक्ट को और भी खास बनाती है। कंपनी अपने सभी ग्राहकों के लिए विशेष ऑफ र दे रही है। यहां सिर्फ 11 हजार के साथ बुकिंग कर सकते हैं और इसे कन्फ र्म करने 30 दिनों का समय होगा। प्रोजेक्ट की सभी एमेनिटीज (जो कि पूरी तरह बनकर तैयार है) और गुणवत्ता को परख सकता है। प्रोजेक्ट की क्वालिटी और सुविधाओं के लिए कंपनी हमेशा ही विश्वसनीय रही है।

इस ऑफर की एक और विशेषता है, अगर किन्ही कारणों से

ग्राहक बुकिंग कन्फर्म नहीं कर पाए तो कंपनी द्वारा उनके पूरे पैसे रिफंड कर दिए जाएंगे। लॉन्चिंग पर बुकिंग करने वाले ग्राहकों को 2.5 लाख तक के सोने के सिक्के, फ नींचर और होम अप्लायंस जैसे गिफ्ट्स भी मिलेंगे। वॉलफोर्ट ग्रुप के डायरेक्टर अर्पित पारख ने बताया कि वॉलफोर्ट हाइट्स फेज टू के लिए न सिर्फ रायपुर बल्कि आसपास के दूसरे अन्य शहरों के लोग भी इंटरेस्टेड हैं। हमें यह देखकर खुशी हो रही है कि हमारे पुराने ग्राहकों जिन्होंने हमारे अन्य प्रोजेक्ट में कोई प्रॉपर्टी खरीदी हैं उनका भी भरोसा हमारे साथ हैं और वे भी इस प्रोजेक्ट में निवेश करने को तैयार हैं। हमने बहुत ही मेहनत और बेहतरीन प्लानिंग के साथ इस प्रोजेक्ट की तैयारी की है।

5 एकड़ में बनेगा गार्डन

यह मध्य भारत का एकमात्र रेसीडेंशियल प्रोजेक्ट जहां 5 एकड़ का एक विशाल पोडियम गार्डन होगा। यहां सबसे बड़ा क्रिकेट ग्राउंड, टेनिस कोर्ट, बास्केट बॉल कोर्ट, मनोरंजन और रिलेक्सेशन के लिए क्लब हाउस, स्विमिंग पूल, जिम और मल्टीपरपज लॉन इत्यादि जैसी सुविधाएं है। यह प्रोजेक्ट रायपुर के भाटागांव में स्थित है, जहां से सभी तरह की मूलभूत सुविधाएं नजदीक हैं। लोगों की सुरक्षा को भी विशेष ध्यान दिया गया है। सभी एमेनिटीज बनकर तैयार हैं। ग्राहक साईट विजिट कर प्रोजेक्ट की स्थिति का जायजा ले सकते हैं।

प्रदेश की सबसे विश्वनीय ग्रुप

पिछले करीब 15 वर्षों से छत्तीसगढ़ की सबसे विश्वनीय रियल एस्टेट कंपनी है। इस ग्रुप के द्वारा लगभग 30 से अधिक रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स राजधानी रायपुर के अनेक लोकेश्न्स लाए गए हैं जिन्हें सदैव ग्राहकों से बेहतरीन प्रतिसाद मिला है।

महंगाई का विरोध : सब्जी खरीदने निकले पीसीसी चीफ मोहन मरकाम

- **400 में दो झोली सब्जी खरीदने के बाद बोले महंगाई में दब गया आम आदमी**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम शुक्रवार सुबह सब्जी खरीदने निकले। सुरक्षाकर्मी भी उनके साथ थे और कांग्रेस के अन्य नेता भी। रायपुर के शास्त्री बाजार में दो झोले लेकर मरकाम पहुंचे। पहले 50 रुपए की बरबटी खरीदी, फिर टमाटर लेने के लिए आगे बढ़े। सब्जी वाले से पूछा 60 रुपए किलो टमाटर क्यों बेच रहे हो।

मरकाम को जवाब मिला ट्रक का भाड़ा बढ़ गया है, थोक बाजार में ही हमें सब्जी महंगी मिल रही है तो क्या करें। आलू, प्याज, धनिया लेकर छग कांग्रेस के प्रमुख मरकाम ने 400 रुपए में दो झोले सब्जी ली। इसके बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि

आम आदमी महंगाई के बोझ से दब गया है। यहां महंगाई से सब्जी खरीदने वाले भी परेशान हैं और बेचने वाले भी। हम इसी तरह महंगी सब्जियां खरीदकर अपना विरोध जता रहे हैं। इस महंगाई के लिए मरकाम ने केंद्र की मोदी सरकार को दोषी ठहराया। पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों, दाल, अनाज, खाद्य तेल, सब्जियों के बढ़े दामों, बेतहाशा महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने आज प्रदेशभर में अभिनव विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी कांग्रेसजनों ने सब्जी दुकानों में जाकर सब्जियां खरीद कर महंगाई के खिलाफ जनता की आवाज उठाया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने राजधानी रायपुर के सब्जी मंडी शास्त्री बाजार में सब्जी खरीदा। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार की कमीशनखोरी वाली नीति के कारण देश की जनता महंगाई की मार झेल रही है। महंगाई मोदी सरकार प्रायोजित आपदा है, जिसके बोझ तले जनता रोज पिस रही है।

मोदी सरकार ने पेट्रोलियम पदार्थों पर लगाने वाले एक्साईज ड्यूटी को दस गुना बढ़ा दिया। जिसके कारण पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से हर वस्तु का दाम बढ़ गया। नोटबंदी तथा जीएसटी ने देश की अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर महंगाई की मार को और बढ़ा दिया। पीसीसी चीफ मरकाम से बात करते हुए सब्जी बाजार में मिले जनसामान्य तथा सब्जी विक्रेताओं ने बताया कि सब्जियों के दाम कुछ महीनों में ही दोगुने से तिगुने हो गए। प्याज 55 रुपए, आलू 25 रुपए, गोभी 60 रुपए, टमाटर 60 और मुनगा 120 रुपए किलो तक बिक रहा। लोगों ने बताया कि भाव बढ़ने के कारण लोग अपनी जरूरत से कम सब्जियां खरीद रहे है।

संपादकीय

त्यौहारों पर महंगाई की मार

इस बार दीपावली पर्व के पूर्व ही महंगाई ने पर्व का रंग फीका कर दिया है। दो साल से कोरोना के चलते लोगों की आमदनी वैसे ही कम हो गई है ऊपर से महंगाई नित नई ऊचाईयां छू रही है। पेट्रोल डीजल और रसोई गैस के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है जिसका सीधा असर आम आदमी के घरेलू बजट पर पड़ रहा है। ट्रांसपोर्टिंग महंगी हो जाने के कारण आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने लगे है जिसकी वजह से महंगाई की मार से आहत आम आदमी त्यौहार कैसे मनाएं यह यक्ष प्रश्न उसके सामने मुंह बाएं खड़ा हो गया है। अनाज और किराना के साथ ही लगभग सभी वस्तुओं के दाम बेतहाशा बढ़ गए है। यहां तक कि हरी सब्जियां भी आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही है। जिसकी वजह से लोगों के भोजन की थाली से हरी सब्जियां गायब हो रही है, यहां तक कि टमाटर और हरी धनियां की चटनी भी मुश्किल से नसीब हो रही है। कमर तोड़ महंगाई के खिलाफ विपक्ष ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है। कांग्रेस पार्टी सहित अन्य विपक्षी दल इस मुद्दे को लेकर आंदोलन प्रदर्शन कर रहे है लेकिन सरकार महंगाई पर काबू पाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठा रही है। जब तक पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दामों पर लगाम नहीं लगेगी तब तक महंगाई पर अंकुश लग पाना असंभव है। उम्मीद की जानी चाहिए कि त्यौहारों पर पड़ती महंगाई की मार को मद्देनजर रख कर सरकार आम आदमी को राहत देने के लिए जल्द से जल्द कड़े कदम उठाएगी।

टमाटर की महंगाई से देश की आम जनता परेशान है, अब प्याज की कीमतें भी रुलाने की तैयारी कर रही हैं. पिछले एक महीने में थोक बाजार में प्याज कीमतें दोगुनी हो गई हैं. व्यापारियों का कहना है कि इस बार त्योहारी सीजन में प्याज महंगी ही रहेगी और मध्य जनवरी से पहले राहत की उम्मीद नहीं है। देश के प्याज उत्पादक कई इलाकों में भारी बारिश की वजह से प्याज की गर्मियों की फसल को भारी नुकसान हुआ है और जाड़े के फसल की बुवाई में देरी हुई है. गौरतलब है कि इसके पहले टमाटर की कीमतों के काफी बढ़ने की खबर आई थी. कोलकाता में तो खुदरा बाजार में टमाटर 93 रुपये किलो तक पहुंच गया है। गौरतलब है कि प्याज की कीमत राजनीतिक रूप से काफी संवदेनशील मसला रहा है. हर साल प्याज की कीमत कुछ महीने इसी वजह से रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच जाती है और इस साल फिर से कीमतें ऊपर की ओर जा रही हैं. जानकारों का कहना है कि इस बार प्याज उत्पादक इलाकों में सितंबर महीने में जमकर बारिश हुई है. इसकी वजह से फसल को काफी नुकसान हुआ है और उसमें कई बीमारियां भी लगी हैं।

विचार

विदेश नीतिः हमारी दो नई पहल

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

ढाई महिने से गिरती-लुढ़कती हमारी विदेश नीति अपने पावों पर खड़े होने की कोशिश कर रही है, यह बात मेरे लिए विशेष खुशी की है। मैं बराबर पहले दिन से ही लिख रहा था कि भारत सरकार को तालिबान से सीधे बात करनी चाहिए लेकिन नौकरशाहों के लिए कोई भी पहल करना इतना आसान नहीं होता, जितना कि किसी साहसी और अनुभवी नेता के लिए होता है। जो भी हो, इस समय दो सकारात्मक घटनाएं हुई हैं। पहली, मास्को में तालिबान के साथ हमारी सीधी बातचीत और दूसरी, अमेरिका, इस्राइल, यूएई तथा भारत के नए नए चौगुटे की शुरुआत! जहां तक मास्को-बैठक का सवाल है, उसमें रूसी विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने साफ़-साफ़ कहा है कि तालिबान की सरकार और नीतियां सर्वसमावेशी होनी चाहिए। उनमें सारे कबीलों और लोगों को ही प्रतिनिधित्व नहीं मिलना चाहिए, बल्कि विभिन्न राजनीतिक शक्तियों का भी उसमें समावेश होना चाहिए याने हामिद करजई और अब्दुल्ला-जैसे नेताओं को भी शासन में भागीदारी मिलनी चाहिए अर्थात तालिबान सरकार में कुछ अनुभवी और जनता में लोकप्रिय तत्व भी होने चाहिए। इसके अलावा लावरोव ने इस बात पर भी जोर दिया कि अब अफगानिस्तान के पड़ौसी देशों में आतंकवाद का निर्यात कतई नहीं होना चाहिए। इस बैठक में चीन, पाकिस्तान और ईरान समेत 10 देश शामिल हुए थे। रूस ने वही बात इस बैठक में कही, जो भारत कहता रहा है। भारत के प्रतिनिधि जे.पी.सिंग ने, जिन्हें काबुल में कूटनीति का लंबा अनुभव है, मास्को आए तालिबान नेताओं से खुलकर बात भी की और अफगान जनता की मदद के लिए पहले की तरह 50 हजार टन अनाज और दवाइयाँ भेजने की भी घोषणा की। यदि अगले कुछ हफ्तों में तालिबान सरकार का बर्ताव ठीक-ठाक दिखा तो कोई आश्चर्य नहीं कि उसे अंतरराष्ट्रीय मान्यता मिलनी शुरु हो जाए। लेकिन गृहमंत्री सिराजुद्दीन हक्कानी ने कल-परसों ही तालिबानी खीर में कुछ नीम की पत्तियां डाल दी हैं। उन्होंने ऐसे 'शहीदों' का सम्मान किया है और उनके परिजन को कुछ धनराशि भेंट की है, जिन्होंने पिछली सरकार के फौजियों और नेताओं पर जानलेवा हमले किए थे। ऐसी उत्तेजक कार्रवाई से उन्हें फिलहाल बचना चाहिए था। यदि भारत सरकार अपना दूतावास काबुल में फिर से खोल दे तो हमारे राजनयिक तालिबान को उचित सलाह दे सकते हैं। भारत ने अमेरिका के साथ मिलकर पश्चिम एशिया में जो चौगुटा बनाया है, वह अफगान-संकट के हल में तो मददगार होगा ही, इस्लामिक जगत से भी भारत के संबंध मजबूत बनाएगा लेकिन भारत को दो बातों का ध्यान जरुर रखना होगा। एक तो वह अमेरिका का चप्पू होने से बचता रहे और दूसरा, इस नए चौगुटे को ईरान के खिलाफ मोर्चाबंदी न करने दे।

कश्मीर से मजदूरों का पलायन खतरे की घंटी

डॉ. श्रीनाथ सहाय

> राज्य में शांति बहाल करने के प्रयासों के तहत अलगाववादियों सहित सभी पक्षों से बातचीत के लिए 2010 में यूपीए सरकार में वार्ताकार रहीं प्रो राधा कुमार मानती हैं कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद और राज्य के बंटने के बाद इसी बात का डर सबसे ज्यादा सता रहा था। जिस तरह से केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 हटाने के बाद राज्य में विकास परियोजनाओं को शुरु किया है उससे आतंकी संगठनों में गुस्सा है। इन विकास परियोजनाओं में काम करने वाले बहुत से प्रवासी मजदूर और तकनीशियन हैं। इससे कुछ लोगों में असुरक्षा की भावना घर गई है, क्योंकि यह प्रवासी मजदूर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शहरी और कृषि के कामों में हाड़तोड़ मेहनत और वह भी सस्ती मजदूरी पर ये प्रवासी मजदूर ही करते रहे हैं। वक्त, मेहनत और लगातार अनुभव ने उन्हें हुनरमंद भी बना दिया है। उनके विकल्प कहां से मिलेंगे?

कश्मीर में पांच अक्टूबर के बाद से पांच प्रवासियों की हत्या हो चुकी है। जिसमें बिहार के चार मजदूर-रेहड़ी वाले हैं और उत्तर प्रदेश के एक मुस्लिम कारपेंटर भी शामिल है। इससे पहले एक स्थानीय सिख और हिंदू शिक्षक की हत्या कर दी गई थी। मशहूर दवा कारोबारी कश्मीरी पंडित मक्खनलाल बिंद्रू को भी आतंकियों ने मार दिया था। लगातार हो रहे टारगेट किलिंग से वहां बाहरी लोगों और प्रवासी मजदूरों में डर का माहौल है। ऐसे में भारी संख्या में जम्मू-कश्मीर में काम कर रहे प्रवासी मजदूरों के राज्य से पलायन की खबरें आ रही हैं। हालांकि सामान्य तौर पर सैंकड़ों मजदूर सर्दियां शुरु होने और दीपावली के त्योहार पर अपने घर लौटते हैं लेकिन राज्य में हिंसा बढ़ जाने से वे पहले ही वहां से निकलने की कोशिश में है।

जम्मू-कश्मीर में चल रहे कई विकास परियोजनाओं में करीब 90 फीसदी प्रवासी मजदूर निर्माण कार्यों में लगे हुए हैं। सिर्फ कश्मीर घाटी में ही पांच लाख प्रवासी मजदूर हैं। अनुमान के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर में बाहर से तीन-से चार लाख मजदूर हर साल काम के लिए घाटी जाते हैं। उनमें से अधिकांश सर्दियों की शुरुआत से पहले चले जाते हैं, जबकि कुछ साल भर वहीं रह जाते हैं। बताया जाता है कि लगभग राज्य के हर जिले में बिहार और यूपी से आए मजदूर हैं।

एक स्थानीय मीडिया के अनुसार सेब के मौसम के कारण भी राज्य बाहरी मजदूरों से अटा पड़ा है। लगभग 41,000 मजदूर, जिनमें से अधिकांश प्रवासी हैं, वे संगठित और असंगठित क्षेत्रों के लगभग 4,800 औद्योगिक इकाइयों में काम कर रहे हैं। लॉकडॉउन में लगभग 56 हजार मजदूर वहीं फंस गए थे लेकिन उस मुश्किल वक्त में भी स्थानीय लोगों ने उनकी मदद की थी। इसलिए कश्मीरी पंडितों, गैर-स्थानीय मजदूरों के लिए व्यापक सुरक्षा उपाय करने की जरूरत है, क्योंकि यदि वे इस तरह घाटी छोड़ कर जाने लगे तो अनुच्छेद 370 खत्म करके सरकार ने जो सकारात्मक माहौल बनाने की कोशिश की थी उसका संदेश अच्छा नहीं जाएगा।

घाटी में कुछ स्थानों को तो 'प्रवासियों का घर' कहा जाता है। जम्मू-कश्मीर का ज्यादातर श्रम इन्हीं मजदूरों के सहारे है। सेब के बागीचों, खेतों, कोल्ड स्टोरेज से लेकर निर्माण-कार्यों और फर्नीचर के उद्योग में वे ही श्रम की बुनियाद हैं। ईंट, सीमेंट ढोने से लेकर

> मजदूरों के भी घर, रिश्तेदार, परिजन हैं, उनके भी पारिवारिक और आर्थिक दायित्व हैं, वे भी देश भर में कहीं भी काम करके जीवन जीने को स्वतंत्र हैं, उन्हें भी मौलिक, सवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं, फिर उन्हें कैसे कहा जा सकता है- तुम यहां से चले जाओ। चूंकि अब तालाबंदी के बाद अर्थव्यवस्था करवट ले रही है, आर्थिक और उत्पादन संबंधी गतिविधियां गति पकड़ रही हैं, तो मजदूर को मारने की बजाय उसका स्वागत करना चाहिए। वह ही मौजूदा अर्थव्यवस्था को आकार दे सकता है। उसके बिना उद्योगपति और पूंजीपति अधूरे हैं।

सेब की पेटियों की पैकिंग और लोडिंग प्रवासी मजदूर ही करते रहे हैं। वे कश्मीर ही नहीं, देश की मौजूदा और भावी अर्थव्यवस्था को आकार और आधार देने वाले हैं। उन्हें गोलियों से मत मारो! उन्हें तुम्हारे जेहाद से कोई सरोकार नहीं है!! वे किसी के भी दुश्मन नहीं हैं! उन्हें तो गले से लगाओ, नहीं तो पूरा कश्मीर थम जाएगा। अर्थव्यवस्था स्थिर और विकासहीन हो जाएगी। आर्थिक गतिविधियां ठिठक जाएंगी। यदि पलायन के बाद मजदूर लौट कर घाटी में नहीं आए, तो समूचे जम्मू-कश्मीर की आर्थिक हालत क्या होगी, कल्पना भी नहीं की जा सकती। मजदूर का काम मजदूर ही कर सकता है, कोई आतंकी, अलगाववादी, अमीर या उद्योगपति मुसलमान के दायरे में रखकर मत मारो। कुछ भी हासिल नहीं होगा। कश्मीर पर जेहादियों का कब्जा नहीं होगा। पाकिस्तान तुम्हें बरगला रहा है। मुट्ठी भर पैसों की खातिर अर्थव्यवस्था को नीलाम मत करो। मजदूरों को बाद में ज्यादा भुगतान के लालच देने पड़ेंगे। लॉकडाउन के बाद व्यापारियों को यही करना पड़ा था। मजदूरों को अग्रिम तौर पर पैसा देना पड़ा। उन्हें विमान के टिकट भेजे गए। उसके बावजूद पूरा श्रम लौट कर नहीं आया। 2011 की जनगणना के मुताबिक, देश में 45.6 करोड़ प्रवासी मजदूर हैं।

तब की आबादी का 40 फीसदी से भी ज्यादा हिस्सा! अब 2021 में उनकी संख्या बढ़ चुकी होगी। संसद के पटल पर रखी नहीं कर सकता। अंततः देश की अर्थव्यवस्था को लाखों-करोड़ों डॉलर का नुकसान झेलना पड़ेगा।

कोरोना-काल में लॉकडाउन की तालाबंदी के बाद बड़े उद्योग इन प्रवासी मजदूरों की कमी झेल चुके हैं। इन्हें हिंदू- जाने वाली 'आर्थिक सर्वेक्षण' की रपटों में भी अंतरराज्यीय प्रवासी मजदूरों के महत्त्व को आंका जाता रहा है। देश के 10 राज्यों- हरियाणा, झारखंड, मप्र, आंध्र, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, गुजरात और कर्नाटक आदि-में स्थानीय नागरिकों के, निजी क्षेत्र की नौकरियों में भी, आरक्षण के प्रस्ताव पारित किए गए। कानून भी बने, लेकिन जब राष्ट्रीय लॉकडाउन उठाया गया, तो फैक्ट्रियों में मजदूर नहीं थे। सरकारों और कंपनियों ने उन्हें मनाकर वापस लाने की कोशिशें कीं। आधी-अधूरी कामयाबी ही हासिल हुई।

राज्य में शांति बहाल करने के प्रयासों के तहत अलगाववादियों सहित सभी पक्षों से बातचीत के लिए 2010 में यूपीए सरकार में वार्ताकार रहीं प्रो राधा कुमार मानती हैं कि कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद और राज्य के बंटने के बाद इसी बात का डर सबसे ज्यादा सता रहा था। जिस तरह से केंद्र सरकार ने आर्टिकल 370 हटाने के बाद राज्य में विकास परियोजनाओं को शुरु किया है उससे आतंकी संगठनों में गुस्सा है। इन विकास परियोजनाओं में काम करने वाले बहुत से प्रवासी मजदूर और तकनीशियन हैं। इससे कुछ लोगों में असुरक्षा की भावना घर गई है, क्योंकि यह प्रवासी मजदूर जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। शहरी और कृषि के कामों में हाड़तोड़ मेहनत और वह भी सस्ती मजदूरी पर ये प्रवासी मजदूर ही करते रहे हैं। वक्त, मेहनत और लगातार अनुभव ने उन्हें हुनरमंद भी बना दिया है। उनके विकल्प कहां से मिलेंगे?

रक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, आतंकी सुरक्षाबलों से सामना नहीं कर सकते तो बेगुनाहों और निहत्थे लोगों को निशाना बना रहे हैं, क्योंकि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद से यह संदेश गया है कि अब सब कुछ केंद्र से सीधा कंट्रोल हो रहा है। ऐसे में मजदूरों और निहत्थे लोगों को निशान बनाकर वे देश के दूसरे हिस्से के लोगों को यहां आने से रोकने के लिए दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

पति की दीर्घायु की कामना का पर्व है करवा चौथ

रमेश सर्राफ

> इस व्रत को करने से स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षा हर आने वाले संकट से वैसे ही कर सकती हैं जैसे एक ब्राह्मण ने की थी। प्राचीनकाल में एक ब्राह्मण था। उसके चार लडके एवं एक गुणवती लडकी थी। एक बार लडकी मायके में थी। तब करवा चौथ का व्रत पड़ा। उसने व्रत को विधिपूर्वक किया। पूरे दिन निर्जला रही। कुछ खाया-पीया नहीं, पर उसके चारों भाई परेशान थे कि बहन को प्यास लगी होगी, भूख लगी होगी, पर बहन चंद्रोदय के बाद ही जल ग्रहण करेगी। भाइयों से न रहा गया, उन्होंने शाम होते ही बहन को बनावटी चंद्रोदय दिखा दिया। एक भाई पीपल की पेड़ पर छलनी लेकर चढ़ गया और दीपक जलाकर छलनी से रोशनी उत्पन्न कर दी। तभी दूसरे भाई ने नीचे से बहन को आवाज दी देखो बहन, चंद्रमा निकल आया है।

आज के नये जमाने में भी हमारे देश में महिलायें हर वर्ष करवा चौथ का व्रत पहले की तरह पूरी निष्ठा व भावना से मनाती है। आधुनिक होते समाज में भी महिलायें अपने पति की दीर्घायु को लेकर सचेत रहती है। इसीलिये वो पति की लम्बी उम्र की कामना के साथ करवा चौथ का व्रत रखना नहीं भूलती है। पत्नी का अपने पति से कितने भी गिले-शिकवे रहें हो मगर करवा चौथ आते-आते सब भूलकर वो एकाग्र चित्त से अपने सुहाग की लम्बी उम्र की कामना से व्रत जरूर करती है।

यह व्रत लगातार 12 अथवा 16 वर्ष तक हर वर्ष किया जाता है। अवधि पूरी होने के पश्चात इस व्रत का उद्यापन किया जाता है। जो सुहागिन स्त्रियां आजीवन रखना चाहें वे जीवनभर इस व्रत को कर सकती हैं। इस व्रत के समान सौभाग्यदायक व्रत अन्य कोई दूसरा नहीं है। इसीलिये सुहागिन स्त्रियां अपने सुहाग की रक्षार्थ इस व्रत का सतत पालन करती है।

भारत एक धर्म प्रधान व आस्थावान देश हैं। यहां साल के सभी दिनो का महत्व होता है तथा साल का हर दिन पवित्र माना जाता है। भारत में करवा चौथ हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह भारत के राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और पंजाब का पर्व है। यह कार्तिक मास की कृष्ण पक्ष की चतुर्थी को मनाया जाता है। यह व्रत सुबह सूर्योदय से पहले करीब 4 बजे के बाद शुरू होकर रात में चन्द्रमा दर्शन के बाद सम्पूर्ण होता है। ग्रामीण स्त्रियों से लेकर आधुनिक महिलायें करवा चौथ का व्रत बड़ी श्रद्धा एवं उत्साह के साथ रखती हैं। कसी भी आयु, जाति, वर्ण, संप्रदाय की सौभाग्यवती स्त्रियों को ही यह व्रत करने का अधिकार है। जो सुहागिन स्त्रियां अपने पति की आयु, स्वास्थ्य व सौभाग्य की कामना करती हैं वे व्रत रखती हैं। बालू अथवा सफेद मिट्टी की वेदी पर शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं

चंद्रमा की स्थापना करें। मूर्ति के अभाव में सुपारी पर नाल बांधकर ईश्वर का स्मरण कर स्थापित करें। पश्चात यथाशक्ति देवों का पूजन करें। करवों में लड्डू का नैवेद्य रखकर नैवेद्य अर्पित करें। एक लोटा, एक वस्त्र व एक विशेष करवा दक्षिणा के रूप में अर्पित कर पूजन समापन करें। दिन में करवा चौथ व्रत की कथा पढ़ें अथवा सुनें।

शास्त्रों के अनुसार पति की दीर्घायु एवं अखण्ड सौभाग्य की प्राप्ति के लिए इस दिन भालचन्द्र गणेश जी की पूजा-अर्चना की जाती है। करवा चौथ में दिन भर उपवास रखकर रात में चन्द्रमा को अर्ध्य देने के उपरान्त ही भोजन करने का विधान है। वर्तमान समय में करवा चौथ व्रतोत्सव ज्यादातर महिलाएं अपने परिवार में प्रचलित प्रथा के अनुसार ही मनाती हैं। लेकिन अधिकतर स्त्रियां निराहार रहकर चन्द्रोदय की प्रतीक्षा करती हैं। सायंकाल चंद्रमा के उदित हो जाने पर चंद्रमा का पूजन कर अर्ध्य प्रदान करें। इसके पश्चात ब्राह्मण, सुहागिन स्त्रियों व पति के माता-पिता को भोजन कराएं। भोजन के पश्चात ब्राह्मणों को यथाशक्ति दक्षिणा दें। अपनी सासूजी को वस्त्र व विशेष करवा भेंट कर आशीर्वाद लें। यदि वे न हों तो उनके तुल्य किसी अन्य स्त्री को भेंट करें। इसके पश्चात स्वयं व परिवार के अन्य सदस्य भोजन करें।

कार्तिक कृष्ण पक्ष की चंद्रोदय व्यापिनी चतुर्थी अर्थात उस चतुर्थी की रात्रि को जिसमें चंद्रमा दिखाई देने वाला है। उस दिन प्रातः स्नान करके अपने पति की आयु, आरोग्य, सौभाग्य का संकल्प लेकर दिनभर निराहार रहें। उस दिन भगवान शिव-पार्वती, स्वामी कार्तिकेय, गणेश एवं चंद्रमा का पूजन करें। शुद्ध घी में आटे को सेंककर उसमें शक्कर अथवा खांड मिलाकर नैवेद्य हेतु लड्डू बनाएं। काली मिट्टी में शक्कर की चासनी मिलाकर उस मिट्टी से तैयार किए गए मिट्टी के अथवा तांबे के बने हुए अपनी सामर्थ्य अनुसार 10 अथवा 13 करवे रखें। करवा चौथ के बारे में व्रत करने वाली महिलाएं कहानी सुनती है। एक बार पांडु पुत्र अर्जुन तपस्या करने नीलगिरी नामक पर्वत पर गए। इधर द्रोपदी बहुत परेशान थीं। उनकी कोई खबर न मिलने पर उन्होंने कृष्ण भगवान का ध्यान किया और अपनी चिंता व्यक्त की। कृष्ण भगवान ने कहा बहना इसी तरह का प्रश्न एक बार माता पार्वती ने शंकरजी से किया था। पूजन कर चंद्रमा को अर्ध्य देकर फिर भोजन ग्रहण किया जाता है। सोने, चाँदी या मिट्टी के करवे का आपस में आदान-प्रदान किया जाता है। जो आपसी प्रेम-भाव को बढ़ाता है। पूजन करने के बाद महिलाएँ अपने सास-ससुर एवं बड़ों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लेती हैं। तब शंकरजी ने माता पार्वती को करवा चौथ का व्रत बतलाया।

पाठकों की बात
पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बेवजह का रुआब

बेवजह का रुआब लगता है। खूबसूरत नकाब लगता है। बात से बात निकल आती है, बात ही में सवाल लगता है। कैसे बतलायें बात की बातें, बात में ही जवाब लगता है। हम हैं चुप चाप कुछ न बोलेंगे, उनको सुनना खराब लगता है बहुत मायूसी उनकी बातों में बुझ रहा एक चिराग लगता है। - **चंद्रलता यादव**

अब समझ लेता हूँ

अब समझ लेता हूँ मीठे लफ़्ज़ों की कड़वाहट, हो गया है ज़िन्दगी का तजुर्बा थोड़ा थोड़ा। मुझे ज़िन्दगी का इतना तजुर्बा तो नहीं है दोस्तों, पर लोग कहते हैं यहाँ सादगी से कटती नहीं। फुर्सत मिले जब भी तो रंजिशे भुला देना, कौन जाने साँसों की मोहलतें कहाँ तक हैं। पहले से उन कदमों की आहट जान लेते हैं, तुझे ऐ ज़िन्दगी हम दूर से पहचान लेते हैं। देखा है ज़िन्दगी को कुछ इतना करीब से, चेहरे तमाम लगने लगे हैं अब तो अजीब से। - **श्रीकांत गुप्ता**

ख़ास पाती | न ही उसे मालूम मेरे घर का

न ही उसे मालूम मेरे घर का पता न ही मैने पूछा उसके घर का रास्ता न उसने कभी भी मेरी पसंद को जाना न ही मैने उसकी नापसन्द को पहचाना न उसने कभी भी मेरी खुशियों की वजह पूछी न मुझे उसकी मुस्कान का राज जानने की सूँझी न साथ साथ चले हम दोनो बनकर हमसफर न उँगलियों में उँगलियाँ फँसाकर कटा ये सफर दर्द का रिश्ता रहा हम दोनों में इस कदर लड़ता रहा अपनों से मेरे लिए वो हर पहर उसकी चोट से रिसता रहा बाँवरा सा मेरा मन खुशी मुझे देने की खातिर करता रहा वो जतन उसकी मोहब्बत से हार जाता है मेरा दीवानापन वो मुझ पर कुर्बान करता है अपना तन,मन और धन। - **मीता खुराना**

क्यों रुदन करती हो तुम! क्रोध

क्यों रुदन करती हो तुम! क्रोध क्यों करती नही! देख पीड़ा अपने हिय की द्रवित क्यों होती नही! शक्ति हो तुम शक्ति का तुम मान करती क्यों नही! दुष्ट महिषासुरों का वध क्यों करती नही! चीर छूने को हैं जो आतुर, अंगार से अपने उन्हें तुम भस्म करती क्यो नहीं! डालते है जो कुदृष्टि तेरे ही अंश रूप पर, बनके काली तुम उनके शीश धड़ से अलग क्यों करती नही! भय दिखे उस आँख में, जो घूर के देखे तुम्हेंफोड़ दो उस आँख को,क्यों ऐसा तेज तुम धरती नहीं। - **सपना परिहार**

मेरे कमरे का एक कोना बस

मेरे कमरे का एक कोना बस मेरा अपना हैं निहायत अपना मेरी यादे मेरे आंसू मेरे सपने मेरे अनजाने अपने सब यहाँ रहते हैं मेरे साथ जब कोई नही होता मेरे साथ उस कोने से मैं खुद को खुद में ढूढ़ लेती हूँ बेशकीमती हैं यह कोना अदाकारी नही होती ना यहाँ जबरन मुस्कराने की। - **नीलीमा शर्मा**

जपो श्रीराम का तुम नाम

जपो श्रीराम का तुम नाम, हर पल काम आना है चढ़ा कर फूल की माला सुबह ओ शाम आना है पढ़ो गीता-रामायण सब, रखो मन को सदा वश में विधाता की कृपा होगी, सही अंजाम आना है। - **संजय कुमार गिरि**

लोग शाहरुख खान के फैन हो

लोग शाहरुख खान के फैन हो सकते है समझ आता है! हो सकता है वो अच्छा कलाकार हो फिल्में अच्छी भी बनाता हो !! लेकिन ये आर्यन खान तो ना कला है ना कार है फिर कथित शाहरुख फैन आर्यन का फैलाया रायता क्यों समेट रहे है ?? सनद् रहे फिर यही आम लोग जब जमीन पर जद्दोजहद करते है फिर असफलता का दोष परिवार वाद को देते है। - **अम्बर अनिल दानी**

मै अक्सर ऐसा कर जाती हूँ

मै अक्सर ऐसा कर जाती हूँ, तूफानो मे तैरकर लहरो का मजा लेती हूँ। भरे बाग से भी कनैर चुन आती हूँ। भरी बरसात छोड़ कर, ओस की इक बुंद पे मचल जाती हूँ। नारी हूँ मै। इक गुलाब के फूल के लिए, हिरो की चमक छोड़ आती हूँ। कोई प्यार भरा दिल देके देखे, राज महल को ठोकर मार आती हूँ। मै अक्सर ऐसा कर जाती हूँ। - **प्रीती श्रीवास्तव**

यूँ तो जीवन सिर्फ़ मेरा ग़म ही

यूँ तो जीवन सिर्फ़ मेरा ग़म ही ग़म है और दिल भी आँसुओं से मेरा नम है मैं भला दुनिया की चिन्ता क्यूँ करूँगा पास मेरे तू बता दुनिया से कम है दूरियों से दिल की धड़कन रो पड़ेगी क्या गज़ब अपने मुक़द्दर का सितम है इस तरह जीता हूँ तेरी याद को मैं धड़कनें रूक जाएँगी अब, ये अलम है दर्द तन्हाई मेरे साथी रहे हैं और मेरी बस ग़ज़ल मेरा सनम है। - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

QUIZ TIME

1) किसके द्वारा किसी देश के लोगों के बीच विषमता को ज्ञात करते हैं?
2) किस कमीशन को व्हाइट मैन कमीशन के नाम से भी जाना जाता है?
3) कृषि भूमि में क्षारकत्व को घटाने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?
4) भारतीय संविधान के किस भाग में राजभाषा की चर्चा की गई है?
5) केन्द्रीय टसर प्रशिक्षण अनुसंधान संस्थान कहाँ अवस्थित है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) गिनी गुणांक (2) हंटर कमीशन (3) जिप्सम (4) भाग-17 (5) रांची (झारखंड)

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1764 - मीर कासिम बक्सर की लड़ाई में पराजित हुआ। 1910 - ब्लांश एस स्कॉट अमेरिका में अकेले हवाई जहाज उड़ाने बनाने वाली पहली महिला बनीं। 1915 - न्यूयार्क में लगभग 25,000 महिलाओं ने मतदान के अधिकार की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। 1942 - अल अलामीन के युद्ध में मित्र राष्ट्रों ने जर्मन सेना को पराजित किया। 1943 - नेता जी सुभाष चंद्र बोस ने आजाद हिंद फौज की 'झांसी की रानी ब्रिगेड़' की सिंगापुर में स्थापना की। 1946 - त्रिग्वेली (नार्वे) संयुक्त राष्ट्र संघ के प्रथम महासचिव नियुक्त। संयुक्त राष्ट्र महासभा की न्यूयार्क में पहली बार बैठक। 1958 - रूसी कवि एवं उपन्यासकार बोरिस पास्तरनाक को साहित्य का नोबेल पुरस्कार। 1973 - अमेरिकी राष्ट्रपति रिचर्ड एम निक्सन वाटरगेट मामले में टेप जारी करने पर सहमत हुए। 1978 - चीन और जापान ने चार दशकों से चले आ रही शत्रुता को औपचारिक रूप से समाप्त किया। 1980 - लीबिया एवं सीरिया द्वारा एकीकरण की घोषणा। हंगरी सोवियत संघ से 33 वर्षों के बाद आजाद होकर एक स्वतंत्र गणराज्य बना। 1998 - जापान ने द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अपने पहले बैंक का राष्ट्रीयकरण किया। 2000 - अमेरिकी विदेशी मंत्री मेडलिन अल्ब्राइट की उत्तरी कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ली के साथ ऐतिहासिक मुलाकात। 2001 - नासा के मार्स ओडिसी अंतरिक्ष यान ने मंगल ग्रह की परिक्रमा शुरू की। एप्पल ने आईपॉड बाज़ार में उतारा। 2003 - अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को ईरान ने अपनी परमाणु रिपोर्ट सौंपी।

33 वर्ष की हुई परिणीति चोपड़ा

मुंबई, 22 अक्टूबर (वार्ता) बॉलीवुड की जानी-मानी अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा आज 33 वर्ष की हो गयी।

परिणीति चोपड़ा का जन्म 22 अक्टूबर 1988 को अम्बाला के एक पंजाबी परिवार में हुआ था। परिणीति को बचपन से ही पढ़ने लिखने का काफी शौक था। परिणीति ने शुरुआती पढ़ाई कॉन्वेंट जीसस एंड मैरी से पूरी की। इसके बाद आगे की पढ़ाई के लिए लंदन चली गईं। परिणीति ने मैनचेस्टर बिजनेस स्कूल से व्यापार, वित्त और अर्थशास्त्र में स्नातक किया। इसके बाद वह उन्होंने इन्वेस्टमेंट बैंकर के तौर पर कुछ साल काम किया लेकिन मंदी के चलते 2009 में वह भारत वापस लौट आईं।

परिणीति चोपड़ा इसके बाद जनसंपर्क सलाहकार के तौर पर यश राज फिल्मस से जुड़ गईं। बाद में परिणीति ने अभिनेत्री के तौर पर यशराज फिल्मस के साथ तीन फिल्मों का अनुबंध साइन किया। परिणीति ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 2011 में प्रदर्शित फिल्म लेडिज वर्सेज रिकी बहल से की। इस फिल्म में परिणीति ने एक छोटी सी भूमिका निभायी थी। इस फिल्म के लिये वह सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित भी की गयी थी।

तख्त को ड्रीम प्रोजेक्ट मानते हैं करण जौहर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर का कहना है कि वह फिल्म तख्त को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट मानते हैं।

करण जौहर की फिल्म 'तख्त' को लेकर काफी समय से चर्चा हो रही थी, कि यह फिल्म डिब्बाबंद हो गई है। यह भी कहा जा रहा था कि करण ने अपनी इस फिल्म को बनाने का विचार फिलहाल टाल दिया है। करण जौहर ने बताया कि उन्होंने अपनी इस फिल्म को बंद नहीं किया है और वह इसकी तैयारी में जुटे हुये हैं।

करन जौहर ने कहा, ÷फिल्म तख्त डिब्बाबंद नहीं हुई है। मैं 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के बाद 'तख्त' पर काम शुरू करूंगा। यह मेरे जिगर का टुकड़ा है, जिसे दर्शकों के सामने लाने को बेताब हूं। यह मेरा ड्रीम प्रोजेक्ट है। ढ़ाई साल से मैं इसकी तैयारी कर रहा हूं और जल्द ही इसे आगे बढ़ाया जाएगा।÷

बताया जा रहा है कि फिल्म तख्त में शाहजहां के दो बेटों दारा शिकोह और औरंगजेब के बीच उत्तराधिकार की लड़ाई दिखाई जाएगी।

दीपिका बनी एडिडास की ब्रांड एम्बेसेडर

नई दिल्ली (वार्ता)। स्पोर्ट्स वेयर कंपनी एडिडास ने अभिनेत्री दीपिका पादुकोण के ब्रांड एम्बेसेडर बनाने की घोषणा की है।

कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि दीपिका पादुकोण एडिडास के साथ मिलकर शारीरिक और भावनात्मक दोनों फिटनेस पर काम करेंगी जिसके लिए दोनों पक्ष प्रतिबद्ध रहे हैं। खेल अभिनेत्री के जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रहा है इसलिए शक्ति और जुझारूपन में वह बेमिसाल हैं। पूरी दुनिया के लाखों लोगों की प्रेरणा हैं। अब दीपिका और एडिडास दोनों मिल कर जबरदस्त सिनर्जी बनाएंगे क्योंकि दोनों साझा मूल्यों पर काम करते हैं। एडिडास ने पूरी दुनिया की महिला एथलीटों और भागीदारों को एकजुट किया है जिसमें दीपिका पादुकोण के शामिल होने से महिलाओं के लिए खेल को लोकतांत्रिक बनाना और विविधता बढ़ाना एडिडास के लिए आसान होगा। महिलाओं के लिए पादुकोण जैसी प्रेरक शक्तियों का इसमें बड़ा योगदान होगा।

रानी मुखर्जी ने पूरी की मिसज चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे की शूटिंग

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने अपनी आने वाली फिल्म मिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे की शूटिंग पूरी कर ली है। एम्मे एंटरटेनमेंट और ज़ी स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म मिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे की शूटिंग पूरी होने की घोषणा की है। रानी मुखर्जी अभिनीत यह फिल्म एक सच्ची घटना पर आधारित है। रानी मुखर्जी ने कहा, ÷यह वास्तव में एक प्यारा संयोग है कि ÷मैनेमिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे की शूटिंग उसी दिन पूरी की जिस दिन मेरी पहली हिंदी फिल्म 'राजा की आएगी बारात' रिलीज हुयी थी। मिसज़ चैटर्जी वर्सेस नॉर्वे एक मां की प्रेरणादायक कहानी है, जो अपने बच्चे के लिए एक देश से लड़ती है। मैं इसे शूट करते हुए भावनाओं के एक रोलरकोस्टर से गुज़री हूं। मैंने अपनी प्रोड्यूसर मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी,निखिल आडवाणी, ज़ी स्टूडियोज और निर्देशक आशिमा छिब्बर के साथ शूटिंग करते हुए बहुत अच्छा समय बिताया। और मुझे उम्मीद है कि यह फिल्मउन सभी को उत्साहित करेगी, जो एक शानदार कॉन्सेप्ट के साथ एक एंटरटेनर देखना चाहते हैं।

जॉन अब्राहम की फिल्म 'सत्यमेव जयते 2' 25 नवंबर को होगी रिलीज

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के माचो हीरो जॉन अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार अभिनीत बहुप्रतीक्षित फिल्म सत्यमेव जयते 2, 25 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

सत्यमेव जयते को मिली अपार सफलता के बाद फिल्म मेकर्स अब फिल्म का सीक्वल सत्यमेव जयते 2 लेकर आ रहे है। सत्यमेव जयते 2 में जॉन अब्राहम और दिव्या खोसला कुमार ने मुख्य भूमिका निभायी है।

जॉन अब्राहम ने अपने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी देते हुऐ कहा है कि, ÷ सत्यमेव जयते2, गुरुवार 25 नवंबर को सिनेमाघरों में आ रही है। एक बार फिर से सिनेमाघरों में दोगुना एक्शन और मनोरंजन लेकर ूसत्यमेव जयते2, सोमवार, 25 अक्टूबर को होगा ट्रेलर आउट।

न्यूज गैलरी

येस बैंक का मुनाफा 74 फीसदी उछला

नई दिल्ली (वार्ता)। येस बैंक ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में 225 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में अर्जित 129 करोड़ रुपये की तुलना में 74.3 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने आज यहां जारी बयान में कहा कि सितंबर में समाप्त इस दूसरी तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 23.4 प्रतिशत घटकर 1529 करोड़ रुपये पर आ गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह राशि 1973 करोड़ रुपये रही थी। इस तिमाही में गैर ब्याज आय 778 करोड़ रुपये रही है जो पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही की इस आय से 30.2 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान बैंक का सकल एनपीए 16.9 प्रतिशत से घअकर 15.0 प्रतिशत पर आ गया जबकि शुद्ध एनपीए 4.7 प्रतिशत से बढ़कर 5.8 प्रतिशत हो गया है।

रुपया तीन पैसे लुढ़का

मुंबई (वार्ता)। दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के दबाव में रहने के बावजूद आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया तीन पैसे फिसलकर 74.90 रुपये प्रति डॉलर पर रहा। पिछले सत्र में रुपया एक पैसा चढ़कर 74.87 रुपये डॉलर पर रहा था।

रुपया आज पाँच पैसे चढ़कर 74.82 रुपये प्रति डॉलर पर खुला। सत्र के दौरान यह 74.94 रुपये प्रति डॉलर के निचले और 74.69 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर के बीच रहा। अंत में यह पिछले सत्र की तुलना में तीन पैसे गिरकर 74.90 रुपये प्रति डॉलर पर रहा।

मुनाफावूसली से हकलान हुआ शेयर बाजार

मुंबई (वार्ता)। वैश्विक स्तर से मिले मजबूत संकेतों के बावजूद घरेलू स्तर पर धातु, आईटी , टेक, एफएमसीजी और बेसिक मटेरियल्स जैसे समूहों में हुयी मुनाफावसूली से शेयर बाजार आज लगातार चौथे दिन गिरावट लेकर बंद हुये।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 101.88 अंक टूटकर 60821.62 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 76.25 अंक गिरकर 18101.85 अंक पर आ गया। इस दौरान बीएसई का मिडकैप 0.97 प्रतिशत उतरकर 25566.64 अंक पर और स्मॉलकैप 1.02 प्रतिशत लुढ़ककर 28336.31 अंक पर रहा।

बीएसई में शामिल अधिकांश समूहों में बिकवाली हुयी जिसमें धातु 2.93 प्रतिशत, आईटी 1.55 प्रतिशत, टेक 1.33 प्रतिशत, बेसिक मटेरियल्स 1.78 प्रतिशत और एफएमसीजी 1.26 प्रतिशत प्रमुखता से शामिल है। बढ़त में रहने वालों में रियलटी 2.45 प्रतिशत, बैंकिंग 0.74 प्रतिशत और वित्त

0.47 प्रतिशत शामिल है। बीएसई में कुल 3448 कंपनियों में कारोबार हुआ जिसमें से 1983 गिरावट में और 1315 बढ़त में रहे जबकि 150 में कोई बदलाव नहीं हुआ।

वैश्विक स्तर से लगभग तेजी के संकेत मिले। अमेरिकी बाजार बढ़त के साथ खुले। यूरोपीय बाजारों में लगभग तेजी रही। चीन के शंघाई कंपोजिट की 0.34 प्रतिशत की गिरावट को छोड़कर शेष प्रमुख एशियाई बाजार भी बढ़त में रहा। ब्रिटेन का एफ्टीएसई 0.44 प्रतिशत, जर्मनी का डैक्स 0.53 प्रतिशत, जापान का निक्केई 0.34 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.42 प्रतिशत शामिल है।

बीएसई का सेंसेक्स 121 अंकों की बढ़त के साथ 61 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुये 61044.54 अंक पर खुला। शुरूआती कारोबार में ही यह 61420.13 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा लेकिन इसी दौरान फिर से मुनाफावसूली शुरू हो गयी जो कारोबार बंद होने तक उतार चढ़ाव के साथ जारी रही। इस दौरान यह 60551.15 अंक के निचले स्तर तक उतरा। अंत में यह पिछले सत्र के 60923.50 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत अर्थात 101.88 अंक गिरकर 60821.62 अंक पर रहा। एनएसई का निफ्टी 52 अंकों की बढ़त लेकर 18230.70 अंक पर खुला। लिवाली के बल पर यह 18314.25 अंक के उच्चतम स्तर तक चढ़ा लेकिन बिकवाली के दबाव में यह 18034.35 अंक तक उतरा।

26 अक्टूबर को उल्लू पर रिलीज़ होगी रोमांचक मर्डर मिस्ट्री 'प्रतीक्षा'

मुंबई। भारत के ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, उल्लू ने एक से बढ़कर एक टैलेंटेड कलाकारों के साथ अपनी नवीनतम थ्रिलर और मिस्ट्री सीरीज़ 'प्रतीक्षा' की घोषणा की। उल्लू ओरिजिनल सीरीज़ 'प्रतीक्षा' 26 अक्टूबर को रिलीज होगी। ये सीरीज़ भ्रष्टाचार, धोखे और यकीनन रहस्य की कहानी है। 14 भाग की इस सीरीज़ का निर्देशन चर्चित निर्देशक दीपक पांडे ने किया है। इस सीरीज़ की कहानी टेलीविजन की सबसे मशहूर स्टार और एक यूथ आइकन, प्रतीक्षा सिंह (चेष्टा भगत) के इर्द-गिर्द घूमती है। उल्लू डिजिटल प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ, विभु

अग्रवाल ने कहा, ÷इस फेस्टिव सीजन में, हम मिस्ट्री और सस्पेंस से भरी एक रोमांचक और तेज रफ्तार थ्रिलर 'प्रतीक्षा' पेश करते हुए बेहद खुश महसूस कर रहे हैं। यह सीरीज़, फिल्मों में दिखाए जाने वाले एक्शन, ड्रामा और थ्रिलर जॉनर्स से आगे है, और यह निश्चित रूप से दर्शकों का मनोरंजन करेगी। इसमें अपराध और साज़िश है। इसमें शानदार कलाकारों का जमघट है, और एक संदिग्ध मौत की जांच के दायरे में मरने वाले का परिवार और उसके दोस्त हैं। यही खूबियां इस सीरीज़ को देखने लायक बनाती हैं। इस सीरीज़ के टैलेंटेड कलाकारों में चेष्टा भगत (प्रतीक्षा), आर्य बब्बर (चिराग), अविनाश वाधवन (भार्गव सिंह, प्रतीक्षा के पिता), मानिनी डे (इंस्पेक्टर विभा वाघमारे), आदि शामिल है।

एचडीएफसी बैंक, मास्टरकार्ड, यूएसएआईडी और डीएफसी ने भारत में 100 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा की शुरुआत की

नई दिल्ली। एचडीएफसी बैंक, मास्टरकार्ड, यूएस इंटरनैशनल डिवेलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन (डीएफसी) और यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डिवेलपमेंट (यूएसएआईडी) ने आज भारत में लघु व्यवसायों को डिजिटलीकरण के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 100 मिलियन डॉलर की ऋण सुविधा की शुरुआत की है। इसमें भारतीय कारोबारों विशेष रूप से महिलाओं के स्वामित्व वाले कारोबारों को मदद करना शामिल है, ताकि उन्हें महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों से निपटने में आसानी हो सके। कोविड-19 का छोटे व्यवसायों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है, जिससे कई लोगों को अपने व्सयवायों को समय से पहले बंद करना पड़ा है। इसके अतिरिक्त, महामारी की वजह से डिजिटल भुगतान में आई तेजी की वजह से छोटे कारोबारों को प्रतिस्पर्धी बने रहने और ग्राहकों की वफादारी बनाए रखने के लिए बदलते बाजार की गतिशीलता और उपभोक्ता की प्राथमिकताओं के अनुकूल होना होगा। नई ऋण सुविधा का उद्देश्य छोटे व्यवसायों को ऋण देना है, जिन्हें अपना परिचालन बनाए रखने और विकसित करने के लिए वित्तपोषण की आवश्यकता है। साथ ही महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों का समर्थन करने पर जोर देने के साथ डिजिटलीकरण के माध्यम से रिकवरी की प्रक्रिया को सक्षम करना है। एचडीएफसी बैंक के वाणिज्यिक और ग्रामीण बैंकिंग के ग्रुप हेड, राहुल शुक्ला ने कहा कि, ÷एचडीएफसी बैंक को भारत में छोटे व्यवसायों का समर्थन करने के प्रयास में मास्टरकार्ड, यूएसएआईडी और डीएफसी के साथ हाथ मिलाने पर गर्व है। एमएसएमई भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और मौजूदा महामारी ने उनके जीवन और व्यवसायों को प्रभावित किया है।

एलआईसी म्यूचुअल फंड एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड करेगा लॉन्च

रायपुर। एलआईसी म्यूचुअल फंड ने आज एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड (एलआईसीएमएफबीएएफ), एक ओपन-एंडेड डायनेमिक एसेट एलोकेशन फंड लॉन्च करने की घोषणा की, जो मूल्यांकन और कमाई ड्राइवर्स जैसे कई मापदंडों का उपयोग करके इक्विटी और डेब्ट/ ऋण और मनी मार्केट इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करेगा। एलआईसी एमएफ बैलेंस्ड एडवांटेज फंड के लिए निवेश रणनीति, अनिवार्य रूप से एक हाइब्रिड योजना, ÷मूल्य संचालित गणितीय मॉडल÷ द्वारा विशिष्ट रूप से संचालित होगी।

एलआईसी एमएफ बीएएफ में नए फंड ऑफर के लिए इस मॉडल-आधारित अद्वितीय निवेश दृष्टिकोण की व्याख्या करते हुए, एलआईसी म्यूचुअल फंड एसेट मैनेजमेंट लिमिटेड के सीईओ श्री दिनेश पांगटे ने कहा: ÷बॉन्ड प्रतिफल, एक तरह से, इक्विटी में निवेश की अवसर लागत और जोखिम उठाने की क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। फंडामेंटल ड्रिवेन मैथमैटिकल मॉडल पर आधारित एलआईसी एमएफ में हम एलआईसीएमएफ बीएएफमें इक्विटी और डेब्ट/ ऋण के बीच इस इनवर्स रिलेशन का उपयोग इक्विटी से डेब्ट में स्विच करने के लिए करेंगे । एलआईसीएमएफ बीएएफमॉडल योजना के लिए इष्टतम परिसंपत्ति आवंटन स्तर निर्धारित करने के लिए इस संबंध का सटीक रूप से उपयोग करेगा। इष्टतम परिसंपत्ति आवंटन स्तर पर पहुंचने के लिए मॉडल ब्याज दरों, एक वर्षके आगे के मूल्य का आय अनुपात और आय प्रतिफल का उपयोग करता है।

मॉडल स्वचालित रूप से इक्विटी और ऋण के बीच परिसंपत्ति आवंटन पर पहुंच जाता है, क्योंकि अंतर्निहित बुनियादी बातों में परिवर्तन होता है। हालांकि, इक्विटी और डेब्ट/ ऋण पोर्टफोलियो का प्रबंधन अनुभवी फंड मैनेजरों द्वारा सक्रिय रूप से किया जाएगा।

शपथ-पत्र

मैं शपथकर्ता विवेक रॉय चौधरी पिता बिकाश रॉय चौधरी उम्र 31 वर्ष, निवासी/ पता फ्लैट सी/505- आनंद विहार फेज-1, बोरसी, दुर्ग, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं। जो कि निम्नलिखित कथन शपथ पत्र पूर्वक पेश करता हूं जो कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं।
2. मुझे पुराना नाम रॉय चौधरी विवेक, विवेक रॉय चौधरी के नाम व उपनाम से भी जाना व पहचाना जाता था, तथा स्कूल के मार्कशीट में रॉय चौधरी विवेक और अन्य दस्तावेजों में विवेक रॉय चौधरी के नाम से उल्लेख है, ये सब नाम एक ही व्यक्ति के है।
3. उपरोक्त शपथ पत्र पासपोर्ट बनाने हेतु सत्यापन करवाने हेतु प्रस्तुत करना है।

अत: यह शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
विवेक रॉय चौधरी

न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

//उद्घोषणा//

सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सरपंच ग्राम पंचायत घोठा तहसील धमधा जिला दुर्ग द्वारा सेवा सहकारी समिति केन्द्रीय बैंक मर्यादित घोठा के लिए भवन निर्माण हेतु स्थित भूमि खसरा नंबर 934 रकबा 0.44 हे. टु. 0.06 हे. भूमि की मांग किया गया है। आवेदन नक्शा खसरा पंचायत प्रस्ताव की छाया प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति व संस्था को किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई तिथि 11/10/2021 के पूर्व स्वतः व अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने पर दावा/ आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय मुद्रा से आज दिनांक 27/09/2021 को जारी किया।

तहसीलदार
धमधा जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 202110220800014/अ-2
क्र./2076/अविअ/वा-1/2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपराम पिता जगतराम जाति गांडा, निवासी ग्राम देवभोग तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम देवभोग प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. व तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 172 का टु. रकबा 0.18 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे औद्योगिक प्रयोजन (प्लाईऐस ब्रिक्स) के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार औद्योगिक प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 8/11/2021 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग जिला गरियाबंद (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.मा.क्र. 202110220800015/अ-2
क्र./2076/अविअ/वा-1/2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपराम पिता जगतराम जाति गांडा, निवासी ग्राम देवभोग तहसील देवभोग, जिला गरियाबंद (छ.ग.) के द्वारा ग्राम देवभोग प.ह.नं. 14 रा.नि.मं. व तहसील देवभोग में स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 172 का टु. रकबा 0.02 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में कृषि भूमि दर्ज है, जिसे आवासीय प्रयोजन के लिए भूमि परिवर्तित कर पुनः लगान निर्धारण किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव आवेदक के द्वारा दिए गए आवेदन अनुसार आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित किए जाने में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 8/11/2021 समय 5.00 बजे तक मेरे समक्ष स्वयं या अपने अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त आपत्तियां पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
एवं समक्ष प्राधिकारी देवभोग

आम सूचना

मैं अधिकृत अधिवक्ता जयराम भागवानी (जिला न्यायालय दुर्ग) एल.आई.सी. हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड भिलाई से प्राप्त अधिकारी एवं निर्देशानुसार यह सूचना प्रकाशित करता हूं कि द्वारा दिए गए अधिकार उपरांत विक्रेता श्रीमती राजरानी गुप्ता पति श्री बनारसी लाल गुप्ता, निवासी-कोहका भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) क्रेता श्रीमती सुमेन्द्र कौर पति श्री गुरूचरण सिंह निवासी-भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के हक की भूमि वाके मौजा कुरूद प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग के तहत खसरा नंबर 758/1 का भाग रकबा 0.014 हेक्टेयर अर्थात 1500 वर्गफीट रजिस्ट्री दिनांक 14/03/1983, दस्तावेज नं. 12771 को रजिस्ट्री क्रय कर कब्जा प्राप्त कर लिया है। जिसका रजिस्ट्री पेपर कहीं गुम हो गया है, उक्त मूल रजिस्ट्री पेपर का कोई दुरूपयोग ना करे इस हेतु इसकी सूचना संबंधित थाने में दर्ज कराई गई है, अतएव आम जनता जो कि उक्त प्लाट/ भूमि के संबंध में किसी प्रकार का स्वत्व स्वामित्व रखता हो तो इस सूचना प्रकाशन के सात दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा अवधि अवसर समाप्त होने के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा, आपत्ति शून्य एवं निष्प्रभावी होगा।

सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रकाशित।

अधिवक्ता
जयराम भागवानी
प्लाट नं. 20 पेट्रोल पंप के बाजू में न्यू आदर्श नगर दुर्ग
मो. नं. 93028-38684

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000155

विषय-अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22
कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - पवन शर्मा
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

आवेदक पवन शर्मा पिता नरेश शर्मा, निवासी कोसा नगर भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 330/2 रकबा 0.010 हे./1000 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता धनसिंग पिता पदरू निवासी कुरूद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 18/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA
सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक 202110101000062

विषय-अ-6अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 21-22
कुरूद प.ह.नं. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती संध्या सिंह,
अनावेदक पक्षकार - जयशंकर प्रसाद,

ईश्तहार

आवेदक श्रीमती संध्या सिंह पति श्री हरी विलास सिंह निवासी- खेदामारा ढौर, द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 19 अ, रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 1539/1 टु. रकबा 1560 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता जयशंकर प्रसाद पिता राम गोपाल अग्रवाल निवासी-कुरूद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 18/10/2021 को जारी किया जाता हैं।

YOGENDRA KUMAR VERMA
सील
अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 187/21-22
वार्ड का नाम- गुरू गोविंद सिंह-29

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि गुरू गोविंद सिंह वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 30/83/145 अशोक विहार कालोनी जो कि निगम अभिलेख में श्री स्व. लोकेश्वर प्रसाद साहू s/o स्व. लखन प्रसाद साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री ओमप्रकाश साहू s/o स्व. लोकेश्वर प्रसाद साहू रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/10/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 189/21-22
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा 48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ म.नं. 48 नया श्याम नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री विष्णु प्रसाद साहू s/o गोवर्धन साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्री बिरझू साहू s/o गोवर्धन साहू रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/10/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 190/21-22
वार्ड का नाम- मदर टेरेसा-48

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मदर टेरेसा 48 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ म.नं. 48 नया श्याम नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री विष्णु प्रसाद साहू s/o गोवर्धन साहू के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती मनीषा साहू w/o स्व. विष्णु कुमार साहू रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 22/10/21
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

केंद्र की भांति राज्य भी जल्द करे महंगाई भत्ता की घोषणा : शिवेंद्र

कवर्धा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार ने केंद्रीय कर्मचारियों को दीवाली पूर्व 3 प्रतिशत महंगाई भत्ते की सौगात दी है। इसके बाद केंद्रीय कर्मचारियो का महगाई भत्ता 28 प्रतिशत से बढ़कर 31 प्रतिशत हो गया है। छग शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने कहा है कि राज्य सरकार को भी अविलंब 14 प्रतिशत महंगाई भत्ते का आदेश जारी किया जाना चाहिए। वर्तमान में प्रदेश के कर्मचारियों को 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिया जा रहा है जो केंद्र के कर्मचारियों से 11 प्रतिशत कम था। केंद्र द्वारा 3 प्रतिशत बढ़ाये जाने के बाद यह अंतर बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया है। जिससे प्रदेश के कर्मचारी हताश, निराश एवं आक्रोशित है। वर्तमान में व्याप्त महंगाई के कारण घर चलाना मुश्किल हो रहा है। राज्य सरकार ने 5 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा करने के पश्चात जल्द ही 11 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा करने की बात कही गई थी। पर दीपावली का त्यौहार करीब आने के पश्चात भी राज्य शासन ने महंगाई भत्ते की घोषणा नहीं की है। जिलाध्यक्ष शिवेंद्र चंद्रवंशी ने आगे बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रीगण विभिन्न कार्यक्रमों में कोविड काल में भी राज्य की आर्थिक स्थिति को मजबूत बताया गया है। कोविड के बाद भी प्रदेश की विकास दर नहीं रुकी है। राज्य के इस विकास में प्रदेश के कर्मचारियों का भी योगदान होता है परन्तु जैसे ही उन कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने के बात आती है, तो राज्य शासन द्वारा आर्थिक स्थिति कमजोर होने की बात कह दी जाती है जो अत्यंत निराशाजनक है। छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ प्रदेश के मुखिया से मांग करता है कि प्रदेश के कर्मचारियों को 14 प्रतिशत महंगाई भत्ते की घोषणा करे। जिससे इस महंगाई के समय में अपना घर परिवार अच्छे से चला सके।

40 प्रतिशत महिलाओं को टिकट देने की घोषणा पर प्रियंका का आभार : प्रज्ञा

बेमेतरा/नवप्रदेश। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के घोषणा का स्वागत करते हुए बेमेतरा महिला जिला कांग्रेस कमेटी की कोषाध्यक्ष प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनावों में प्रियंका ने महिलाओं को 40 प्रतिशत टिकिट में हिस्सेदारी देने की जो घोषणा की है वह वर्तमान भारतीय राजनीति में महिलाओं के शक्ति और सामर्थ्य का वास्तविक मूल्यांकन हैं।

उनकी इस घोषणा से उत्तरप्रदेश ही नहीं बल्कि देश भर की राजनीति में कार्यरत महिला कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा हैं। देश की आधी आबादी को जो हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश में देने की कांग्रेस महासचिव प्रियंका ने घोषणा की हैं उसका विपक्षी दलों की महिलाओं ने भी दबे स्वर में स्वागत किया हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने नाम न बताते हुए कहा कि जिला पंचायत की विपक्षी दल की महिला सदस्यों ने फोन पर कहा हैं कि हमारे पार्टी में न सही पर आपके ही पार्टी में जो फैसला लागू हो रहा हैं वो उम्मीद की किरण हैं। प्रज्ञा निर्वाणी ने कहा कि 'लड़की हूँ, लड़ सकती हूं' प्रियंका गाँधी का यह नारा महिलाओं में मान जगाने वाला हैं।

संयुक्त कलेक्टर वर्मा राजनांदगांव एवं डिप्टी कलेक्टर रामटेके डोंगरगढ़ एसडीएम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ अरूण वर्मा को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राजनांदगांव में पदस्थ किया गया है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर गिरीश रामटेके को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ में पदस्थ किया गया है। वे अपने-अपने अनुविभाग अंतर्गत भू-अर्जन अधिकारी, सक्षम प्राधिकारी लोक परिसर बेदखली अधिनियम, पंजीयक लोक न्यास, छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता, दण्ड प्रक्रिया संहिता, पंचायत राज अधिनियम, विभिन्न नियमों एवं एक्ट अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी से संबंधित तथा समय-समय पर सौंपे गए कार्यों का निर्वहन करेंगे।

छात्राओं को सिखाया गया अपराध से बचने के गुर

बालोद/नवप्रदेश। पुलिस प्रशासन द्वारा साइबर कवच अभियान शुरू किया गया है। तो साथ ही ट्रैफिक के नियमों को लेकर बच्चों के बीच भी क्लास लगाई जा रही है। इस क्रम में साइबर सेल के प्रभारी रोहित मालेकर व यातायात प्रभारी द्वारा स्कूलों में बच्चों को ट्रैफिक रूल्स व साइबर क्राइम के प्रति जागरुकता को लेकर अभियान छेड़ दिया है। पुलिस अधीक्षक बालोद सदानंद कुमार के मार्गदर्शन में यातायात

थाना द्वारा यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन आदर्श कन्या शाला बालोद में किया गया। जहां करीब 80 बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर बालिकाओ को साइबर अपराध व उनके अधिकारों के संबंध में जागरूक किया गया। यातायात थाना प्रभारी निरीक्षक नवल किशोर कश्यप द्वारा सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी बालिकाओं को दी। वीडियो के माध्यम से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न बिठाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने, मालवाहन पर सवारी न बिठाने, इनके दुष्प्रभाव, यातायात संकेतों व नियमों के फायदे के बारे में बताया। लायसेंस बनाने की प्रक्रिया व निर्धारित उम्र के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

पटाखा दुकानों का आबंटन लाटरी के माध्यम से 25 को निगम सभागृह में

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी दीपावली में पटाखा दुकान लगाया जाना है जिसके लिए दुकानदारों द्वारा इस वर्ष कोरोना वायरस कोविड-19 के कारण व्यापार प्रभावित होने पर महापौर हेमा देशमुख एवं आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी से इस वर्ष अस्थाई भूखण्ड आबंटन शुल्क में वृद्धि नहीं किये जाने की मांग की गई। व्यवसायियों की मांग पर महापौर ने इस वर्ष भी अस्थाई भूखण्ड आबंटन शुल्क में वृद्धि नहीं किये जाने का आश्वासन दिया तथा आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी को शुल्क में वृद्धि नहीं किये जाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने बताया कि इस वर्ष की प्रक्रिया के तहत नगर निगम द्वारा पटाखा दुकान के लिए लाइसेंसी व्यापारियों से 25 अक्टूबर को दोपहर 1.30 बजे तक वर्तमान लायसेंस वर्ष 2021-22 के प्रति के साथ आवेदन आमंत्रित किया गया है।

सीजी में सभी समाज के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द से रहते हैं : योगेश

■ सद्भावना सम्मान समारोह में 36 समाज प्रमुखों का हुआ सम्मान

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर के नवीन बाजार में बुधवार को सद्भावना सम्मान समारोह व कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। कार्यक्रम के आयोजक किसान नेता योगेश तिवारी थे। इस दौरान छत्तीसगढ़ के 36 समाज प्रमुखों का शाल, श्रीफल व प्रतीक चिन्ह से सम्मान किया गया। कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय हास्य कवि व पद्मश्री सुरेंद्र दुबे शामिल हुए। कवि सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद थे जो रात भर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कवियों के हास्य व्यंग्य सुन कर आनंद उठाते रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विजय बघेल सांसद दुर्ग लोकसभा मौजूद थे। अध्यक्षता आशीष छाबड़ा विधायक बेमेतरा ने की हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में ज्ञानेश शर्मा अध्यक्ष योगा आयोग, अवधेश चंदेल पूर्व विधायक बेमेतरा, शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, ओम प्रकाश जोशी जिला अध्यक्ष भाजपा बेमेतरा, बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, राजकुमार तिवारी जिला प्रमुख शिवसेना बेमेतरा उपस्थित थे। सद्भावना सम्मान समारोह में 36 समाज प्रमुख शामिल हुए, जिनका अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। छत्तीसगढ़ में सभी समाज के लोग आपसी प्रेम और सौहार्द से रहते हैं। ये आगे भी बरकरार रहे, इसके लिए इस तरह के आयोजन जरूरी हैं। ऐसे आयोजन में सभी समाज प्रमुखों को एक मंच पर इकट्ठा होने का मौका मिलता है, जहां विचारों के आदान प्रदान से, समाज प्रमुखों को अपने समाज को सुधारने और आगे बढ़ाने के लिए नए उपाय व विचार मिलते हैं। अतिथि सांसद विजय बघेल, विधायक आशीष छाबड़ा ने आयोजक योगेश तिवारी के पहल की सराहना की।

छत्तीसगढ़ जूनियर बालिका हॉकी टीम की विजयी शुरुवात

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 20 से 29 अक्टूबर तक सिमड़ेगा झारखंड में आयोजित 11वीं हॉकी इंडिया जूनियर बालिका राष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश हॉकी टीम को 1 के मुकाबले 4 गोल से पराजित कर जीत की शुरुआत की। छत्तीसगढ़ हॉकी टीम शुरू से ही आक्रमक पारी की खेल से शुरुवात की उन्होंने हॉकी मध्यप्रदेश को हावी होने का मौका ही नही दिया। मैच के मध्यांतर तक दोनों ही टीमें 0-0 के बराबरी पर रही। मैच के मध्यांतर के बाद छत्तीसगढ़ ने अपने खेल शैली में परविर्तन किया, जिसके फलस्वरूप 33वें मिनट में कुसुम कुमारी महतो ने गोल कर अपनी टीम को 1 गोल से बढ़त दिलाई, उसके जवाब में

हॉकी मध्यप्रदेश ने भी मैच के 35वें मिनट में गोल कर 1-1 की बराबरी पर ला दिया। छत्तीसगढ़ ने अपनी आक्रामक पारी को जारी रखते हुए मैच में अपनी पकड़ बनाई ज़िसके बदौलत मीले मौके को भुनाते हुए 45वें मिनट में आँचल साहू ने गोल कर अपनी टीम को 2 गोल की बढ़त दिला दी। मैच के 55वें मिनट व मैच के 57वें मिनट में अनिशा साहू व टीम के कप्तान लीना कोसरे ने पुनः गोल कर 1 के मुकाबले 4 गोल से जीत दर्ज की, उनकी इस जीत पर छत्तीसगढ़ हॉकी परिवार ने बधाई दी तथा आगे के मैच में और बेहतरीन प्रदर्शन करने हेतु शुभकामनाएं दी। जूनियर बालिका टीम के कोच अनुराज श्रीवास्तव सहायक कोच सचिन खोब्रागढ़े तथा मैनेजर जयश्री हुमने है।

दुकानों का अधिकतम मासिक किराया बोली के लिए 15 नवम्बर तक आवेदन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा संचालित स्टेडियम परिसर में नवनिर्मित सी ब्लाक एवं ई ब्लाक के 30 दुकानों में से 15 दुकानों का अधिकतम मासिक किराया बोली के आधार पर इच्छुक आवेदकों को देने के लिए 15 नवम्बर 2021 दोपहर 4 बजे तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। निर्धारित समय के बाद प्राप्त आवेदनों व प्रस्ताव पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा। 22 नवम्बर 2021 को दोपहर 3.30 बजे स्टेडियम कार्यालय के हॉल में प्राप्त आवेदन खोले जाएंगे। जिसमें आवेदनकर्ता या अधिकृत प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं। आवेदन फार्म व दुकान किराए की शर्त 25 अक्टूबर 2021 को कार्यालयीन समय में स्टेडियम कार्यालय से 500 रूपए नगद जमा कर प्राप्त कर सकते है।

हरियाणा - पंजाब के हार्वेस्टर चालकों का विरोध

बेमेतरा/नवप्रदेश। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ निर्वाणी ने चेतावनी देते हुए कहा कि हरियाणा पंजाब से आये हार्वेस्टर चालक छत्तीसगढ़ के किसानों को ठगते हैं। 2500 से 3000 रुपए प्रति एकड़ धान के कटाई का वसूल करते हैं। इनकी मनमानी अब चलने नहीं दी जाएगी। हजारों हार्वेस्टर गाड़िया हर साल इस धान कटाई के सीजन में छत्तीसगढ़ के गांवों में घुसती हैं, लेकिन उनका उद्देश्य छत्तीसगढ़ के किसानों का शोषण करना मनमाने अनाप शनाप दाम किसानों से कटाई के लेना होता है। अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के मुस्तैद युवा अब अधिक रकम लिए जाने की शिकायत आने पर हरियाणा पंजाब से आये हार्वेस्टर चालकों को उनके गाड़ी सहित गांव से बाहर खदेड़ेगी। महासभा ने कहा है कि हार्वेस्टर से प्रति एकड़ कटाई के दाम को बांधने की जरूरत है, 3 लीटर डीजल और 20 से 25 मिनट में एक एकड़ खेत के धान की कटाई हो जाती है। अधिकतम सभी खर्चों को जोड़ ले तो भी 850 से अधिक खर्च नहीं आता, परन्तु लागत से 4 से 5 गुणा की कमाई लूट के श्रेणी आती है, सरकार को कटाई के दाम बांधने चाहिए इसके लिए महासभा के प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री से मिलकर अधिकतम लिए जाने वाले राशि की सीमा तय करने की बात रखेंगें।

रायपुर से लौटते ही बीमार जवानों का सुध लेने पहुंचे कलेक्टर तारण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कलेक्टर कांफ्रेंस से वापस आते ही सबसे पहले आज सिविल हॉस्पिटल खैरागढ़ पहुंचकर मलैदा कैम्प के आईटीबीपी व सीएएफ के फूड पायजनिंग से पीड़ित 26 जवानों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। कलेक्टर ने जवानों से बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की कुशलता के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने वहाँ उपस्थित बीएमओ एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम को उनके समुचित इलाज की व्यवस्था तथा देखरेख के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जवानों के स्वास्थ्य की लगातार मॉनिटरिंग करते रहें। कलेक्टर ने खाद्य सामग्री स्टोरेज के जांच के निर्देश दिए। गौरतलब है कि तत्काल ईलाज मिलने से जवानों को राहत मिली और सभी जवान खतरे से बाहर हैं। मलैदा कैम्प में स्वास्थ्य विभाग की टीम उपचार के लिए भेजी गई है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

सीएम ने लगाई आईजी-एसपी...

घंटे की बैठक में प्रदेश की कानून व्यवस्था और नशे के कारोबार सहित अन्य मसलों पर गंभीर चर्चा की। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत में कोविड महामारी के दौरान पुलिस के अफसरों और जवानों के द्वारा किये गए अभूतपूर्व कार्य किये जाने पर सभी की पीठ थपथपाई।

चिट फंड कम्पनी कार्यवाही में तेजी लाने निर्देश

चिट फंड कम्पनी पर की गई कार्यवाही की जानकारी मुख्यमंत्री को दी गयी। जिसमे बताया गया की अब तक चिटफंड कंपनियों के 774 डायरेक्टर/पदाधिकारी को गिरफ़्तार किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सभी एसपी-आईजी को चिट फंड कम्पनी के शेष फ़रार डायरेक्टर/पदाधिकारियों को तत्काल गिरफ़्तार करने आदेश दिए। सीएम ने कहा सभी एसपी इसके लिए एक समय सीमा तय कर कार्यवाही करें। कलेक्टर और एसपी आपसी समन्वय कर चिट फंड कंपनियों की अन्य सम्पत्तियों को चिंहांकित कर करें कुर्क। इस कार्यवाही में विलम्ब न हो।

ऑन द स्पॉट करें निराकरण

सीएम भूपेश ने कहा कि फ़ील्ड स्तर के अधिकारी हर सप्ताह आम जनता से मुलाक़ात करें, ताकि पुलिस का जनता से जुड़ाव बना रहे। ये अत्यंत आवश्यक है जिससे मानवीय संवेदना बनी रहती है। फ़ील्ड के अधिकारी शाम को फ़ील्ड में निकलें, इससे जनता का विश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में पुलिस के कार्य से लोगों का पुलिस पर विश्वास बढ़ा है और पुलिस अधिकारियों से जनता की काफी अपेक्षा है, उनकी पुलिसिंग में कड़ाई और आचरण में नरमी झलकनी चाहिए। जनता का विश्वास जीतना छत्तीसगढ़ पुलिस का परम् कर्तव्य है।

2.5 वर्ष वालों का होगा तबदला

मुख्यमंत्री ने बैठक के अंत में बड़ा निर्णय लिया है। जिसमे 2.5 वर्षों से एक ही स्थान, थाने पर जमे पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों का तबादला किये जाने की बात कही। वहीं सभी आईजी को निर्देश दिया कि जनता जिन पुलिस कर्मचारियों से नाराज़ है, उनका चिन्हांकन करें। यदि जरुरत हो तो तुरंत तबादला भी करें। ट्रैफ़िक सुचारु रूप से व्यवस्थित करने, सड़क हादसों की समीक्षा कर उसमें कमी लाने का प्रयास करने और आदिवासियों के विरुद्ध दर्ज प्रकरण वापसी के कार्य को त्वरित गति से पूर्ण करने के निर्देश भी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया है।

सोशल मीडिया पर...

जरूरी है। सोशल मीडिया अफ़वाह फैलाने का सबसे बड़ा साधन बन गया है। सोशल मीडिया में भी एक सुदृढ़ आसूचना तंत्र विकसित करना ज़रूरी है।

लॉ एंड आर्डर ...

मुख्यमंत्री ने टूक कहा कि हत्या के प्रकरणों में 2011 की तुलना में आज की स्थिति में 32% कमी आई है। हत्या के प्रयास में 2011 की तुलना में आज की स्थिति में 37% कमी आई है।

जब तक युद्ध ...

वैक्सीन कब मिलेगी? भारत के लोगों को वैक्सीन मिलेगी भी या नहीं? क्या भारत इतने लोगों को टीका लगा पाएगा कि महामारी को फैलने से रोक सके? भांति-भांति के सवाल थे, लेकिन आज ये 100 करोड़ वैक्सीन डोज, हर सवाल का जवाब दे रही है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 20110100400201

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका चित्रलेखा चन्द्राकर पति चित्रसेन चन्द्राकर निवासी रिसाली भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 220/14 रकबा 0.012 हे. 1335वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16/09/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग-1 (छ.ग.)

उद्घोषणा

ई कोर्ट क्र./अ-6/वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक वोहरारामजी चौधरी आ. चुनाराम चौधरी साकिन जामुल के द्वारा ग्राम उतई प.ह.नं. 42 रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 945/7 का टु. रकबा 0.037 हे. भूमि नीलाबाई D/o रतीलाल से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 18/10/21 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रमाणीकरण किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 3/11/21 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 20/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग

Email Id: durgmc2019@gmail.com Phone : 0788-2322148

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 697/लो.क.वि./2021 दिनांक 21.10.2021

पंजीकृत एवं समान प्रकृति के कार्यों हेतु अनुभवी चाटर्ड एकाउंटेंट्स फर्म से सीलबंद निविदा दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 12.11.2021 को अपरान्ह 04.00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर वित्त विभाग से दिनांक 30.10.2021 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 11.11.2021 को अपरान्ह 05.00 बजे उपस्थित निविदाकार/ उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

कार्य का नाम

SELECTION OF FIRMS OF CHARTERED ACCOUNTANTS FOR THE VERIFICATION OF FIXED DEPOSITS BALANCES AND ITS RELATED GRANTS i.e. UPDATION OF BOOKS OF ACCOUNTSWHEREVER REQUIRED FORM F.Y. 2010-11 TO F.Y. 2019-20 AND PREPARATION OF BOOKS OF ACCOUNTS FOR F.Y.2020-21, ON ACCRUAL BASED DOUBLE ENTRY ACCOUNTING OF MUNICIPAL CORPORATION, DURG.

निविदा की सामान्य शर्तें धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता

कार्यालय-नगर पंचायत गण्डई, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक/1352/लो.नि./न.पं./2021 गण्डई, दिनांक 20/10/2021

// संशोधित मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना //

कार्यालय नगर पंचायत गण्डई के निविदा सूचना क्रमांक 1237 दिनांक 08.10.2021 को विभिन्न निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण किया गया है। जिसमें निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

क्रं.	निविदा विवरण	जारी तिथि	संशोधित तिथि
1	निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की तिथि	18.10.2021	25.10.2021
2	निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि	20.10.2021	26.10.2021
3	निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि	23.10.2021	30.10.2021
4	निविदा खोलने की तिथि	23.10.2021	30.10.2021

टीप :- शेष नियम शर्तें यथावत रहेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पंचायत गण्डई

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

न्यायालय में उपस्थित होने बाबत व्यक्तिशः सूचना

202108100700375/अ-6/20-21

प्रति

श्री झाडू आ. शुकलाल ढीमर

साकिन शिवपारा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम दुर्ग प.ह.नं. 24 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 554/43 का टु. रकबा 600 वर्गफीट हेक्टेयर भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 17/05/1982 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है।

आवेदक क्रेता रामबाई ढीमर आ. बिरझू ढीमर के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है।

प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 30/10/21 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा पेश कर सकते हैं। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 22/10/21 में मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा के प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202110101500011 अ-6/ 2020-21

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम धुमा प.ह.नं. 34 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक गैंदलाल आ. स्व. भुवनेश्वर निवासी श्यामनगर केम्प 2 भिलाई द्वारा ग्राम धूमा प.ह.नं. 34 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने पिता भुवनेश्वर आ. दुलारू के नाम पर दर्ज भूमि ख.नं. 110 रकबा 0.04 हे. में दर्ज भूमिस्वामी का दिनांक 29.12.2008 को फौत हो जाने से फौती नामांतरण दर्ज किए जाने प्रस्तुत आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाारधीन है।

अतः आवेदक गैंदलाल आ. स्व. भुवनेश्वर निवासी श्यामनगर कैम्प-2 भिलाई द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 25.10.2021 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05.10.2021 को जारी किया जाता है।

सील — नायब तहसीलदार, पाटन, जिला-दुर्ग

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला-दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. अ-6/2021

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दूरदेशी राम साहू वगैरह पिता स्व. जेठूराम निवासी नया पारा दुर्ग तह. दुर्ग व जिला दुर्ग मौजा बगेरा प.ह.नं. 48 रा.नि.मं. दुर्ग-2 तहसील व जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 342/50 रकबा 0.011 हे. भूमि को हकत्यागकर्ता निर्मलाबाई व अन्य पिता स्व. जेठूराम से दिनांक 30/0921 को प्राप्त कर हकत्यागपत्र निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त हकत्याग पत्र के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/ आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22/10/2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11/10/21 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

जारी दिनांक 04/10/2021

पेशी दिनांक 22/10/2021

सील — अतिरिक्त तहसील, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 20110100400343

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदक दीपक कुमार बांधे आ. शंकरलाल बांधे निवासी उमरपोटी द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.नं. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 757/33 रकबा 0.0140 हे. 1495 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 21/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

प.नं. 20110100400029

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है आवेदिका चन्द्रकला साहू पति रामखिलावन साहू निवासी जामगांव द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम हनोदा प.ह.नं. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 742/55 रकबा 0.0139 हे. 1500 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1/10/2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

छ.ग. गृह निर्माण मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री होल्ड के रूप में परिवर्तन करने के संबंध में छ.ग. शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1-100/2009/32 रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल के निम्नलिखित हितग्राहियों के द्वारा जिनके नाम व कालोनी का नाम एवं आवासीय भूखण्ड/ भवन क्रमांक छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित है, को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

क्रं.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	कालोनियों का नाम	भवन/भूखण्ड/दुकान क्रं.
1	श्रीमती मंजू चौहान	पति श्री अवधेश चौहान	औ. क्षेत्र भिलाई	एम.आई.जी.-52
2	श्री धर्मेन्द्र सिंह	आ. श्री आदित्य प्रताप सिंह	औ. क्षेत्र भिलाई	एल.आई.जी. II-2458
3	कु. पमा वानखेड़े	आ.स्व. बसंत वानखेड़े	आदित्य नगर	एल.आई.जी.-258
4	कु. पुष्पा वानखेड़े	आ. स्व. बसंत वानखेड़े	आदित्य नगर	एल.आई.जी.-259
5	श्री अनिल कुमार शर्मा	आ. स्व. के.एल. शर्मा	कुरूद भिलाई	सी.एच.-315 एवं 316
6	श्री रामनारायण वर्मा	आ. स्व. डी.आर. वर्मा	तालपुरी भिलाई	मोगरा-233
7	श्री किशोर जैन	आ. स्व. बंशीलाल जैन	वैशाली नगर	ई.डब्ल्यू.एस.-659
8	श्री राजेश कुमार अरोरा एवं श्रीमती आरती अरोरा	आ. श्री दौलत राम अरोरा एवं पति श्री राजेश कुमार अरोरा	बोरसी दुर्ग	एच.आई.जी.-2/03
9	श्री संतोष कुमार पहाड़े एवं श्रीमती वर्षा पहाड़े	आ.स्व. भास्कर राव एवं पति श्री संतोष कुमार पहाड़े	तालपुरी भिलाई	जूही-419
10	कुमारी भावना सक्सेना कुमारी शोभना सक्सेना एवं कुमारी संजना सक्सेना	आ. स्व. अरूण सक्सेना	औ. क्षेत्र भिलाई	एच.आई.जी.-1/2073

सम्पदा अधिकारी, छ.ग. गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र- दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

न्यूज गैलरी

मिस्टर एंड मिस बेमेतरा समारोह में शामिल हुए विधायक छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा नगर के टाउन हॉल में मां भद्रकाली इवेंट परिवार द्वारा आयोजित मिस्टर एंड मिस बेमेतरा समारोह में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। विजेता प्रतिभागियों का अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर साथ में शकुंतला मंगत साहू अध्यक्ष नगर पालिका परिषद बेमेतरा, बंसी पटेल अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, रश्मि मिश्रा सभापति नगर पालिका परिषद बेमेतरा उपस्थित रहें।

राज्योत्सव आयोजन के संबंध में बैठक आज

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर कबीरधाम जिला मुख्यालय में एक नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की तैयारी के संबंध में रूपरेखा तैयार करने 23 अक्टूबर दोपहर 1 बजे कलेक्टोरेट सभा कक्ष में बैठक आयोजित की जाएगी।

बोड़ला ब्लॉक के ग्राम बांधाटोला में चलाया स्वच्छता अभियान

कवर्धा। नेहरू युवा केन्द्र कवर्धा छत्तीसगढ़ युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के संयुक्त तत्वाधान में आजादी का अमृत महोत्सव मनाते हुए स्वस्छ भारत1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चारों ब्लॉक में चलाया जा रहा हैं। जिसकें अंतर्गत बोड़ला ब्लॉक के ग्राम बांधाटोला में तालाब का सौंदर्यीकरण किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक द्वारा प्लास्टिक को डिस्पोज किया गया। जिसमें आस्था समिति चाइल्ड लाइन परियोजना के टीम मेंबर तबस्सुम खान और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक मोहन साहू, पुनीराम यादव, अलिशा खान और नगर पंचायत के वार्ड 10 के पार्षद परेटन बाई, ग्राम के सदस्य रानू बाई, लक्ष्मीबाई, गोदावरी बाई उपस्थित थे।

4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता मंजूर

कवर्धा। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रमेश शर्मा ने राजस्व पुस्तक परिपत्र छह-चार के तहत 1 विपत्तिग्रस्त परिवार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि की स्वीकृति दी है। इसके तहत बोड़ला तहसील के ग्राम लालपुर कला निवासी चमेली बाई की सर्प के काटने से मृत्यु हो जाने पर विपत्तिग्रस्त अर्जुन साहू को चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता की मंजूरी दी गई है।

परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र में आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। राजीव युवा उत्थान योजना 2019 अंगर्गत एसएससी, बैंकिंग, रेल्वे एवं व्यापमं जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए जिले में संचालित परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र के लिए वर्ष 2021-22 में 100 अभ्यर्थियों को निजी प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानां के माध्यम से प्रदान कराया जाएगा। प्रशिक्षण के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा अन्य पिछडा वर्ग के पात्र अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण उपलब्ध कराने आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त आरएस टडंन ने बताया कि आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 नवंबर सायं 5 बजे तक है। आवेदन जमा करने का स्थान- कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट परिसर प्रथम तल में किया जाएगा।

पंजीकृत डाक माध्यम से आवेदन आमंत्रित

कवर्धा/नवप्रदेश। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तरेगांव जं. विकासखंड बोड़ला में कक्षा 6 से कक्षा 12 वीं तक अध्ययनरत 419 विद्यार्थियों के लिएएन आईएफ्टी नई दिल्ली द्वारा निर्धारित गणवेश मानक डिजाईन एवं मापदण्ड के रंग के आधार पर प्राप्त कपड़ों को जिला स्तर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएमएल) में पंजीकृत सिलाई कार्य में दक्ष स्व. सहायता समूहों के माध्यम से सिलाई कार्य कराए जाने के लिए प्राप्त भावपत्र के आधार पर चयनित स्व सहायता समूह से सिलाई कार्य कराया जाना है। आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त आरएस टडंन ने बताया कि 1 नवंबर तक जिला कबीरधाम अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएमएल) में पंजीकृत स्व सहायता समूहों से उक्त कार्य हेतु बंद लिफाफा में पंजीकृत डाक माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है विस्तृत जानकारी एवं शर्ते कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कबीरधाम से प्राप्त किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के लिए 28 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनांतर्गत स्व-उद्यम स्थापित करने वाले शिक्षित व इच्छुक युवाओं से 28 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित की गई है। योजनांतर्गत स्वरोजगार स्थापना के लिए बैंक शाखाओं के माध्यम से व्यवसाय क्षेत्र के लिए अधिकतम 2 लाख रूपए ऋण, सेवा क्षेत्र के लिए अधिकतम 10 लाख रूपए ऋण तथा उद्योग स्थापना के लिए अधिकतम 25 लाख रूपए ऋण का प्रावधान है। योजना का लाभ लेने के इच्छुक युवक-युवतियां आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन दो प्रतियों में निर्धारित तिथि तक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संयुक्त जिला कार्यालय हॉल नंबर 1 राजनांदगांव में प्रस्तुत कर सकते हैं।

शासकीय भूमि से कब्जा हटवाने मंत्री से मिले बोल्दाखुर्द के ग्रामीण

पूर्व में जारी वन अधिकार पट्टा निरस्त करने का भी किया आग्रह

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के वन व परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर की उनके सहज, सरल, विनम्र व्यवहार और उनके कार्य करने की सहज शैली से ग्रामीणों में लगातार लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। राज्य के विभिन्न महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री बनने के बाद भी अपने क्षेत्र की जनता से लगतार संपर्क बनाए हुए है और क्षेत्रीय समस्याओं का ठोस समाधान भी कर रहे है। मंत्री लगातार अपने विधानसभा क्षेत्र कवर्धा से आए ग्रामीणों के साथ जमीन पर बैठ कर उनकी सभी समस्याएं, मांग और शिकायतों को सुन रहे है और उनका निराकरण की दिशा में जिला प्रशासन को कार्यवाही करने के निर्देश भी दे रहे है। कबीरधाम जिले के तहसील बोड़ला अंतर्गत ग्राम पंचायत बोल्दाकला के आश्रित ग्राम बोल्दाखुर्द के निवासियों ने मंत्री के शंकर नगर रायपुर स्थित शासकीय निवास कार्यालय में भेंट की। उन्होंने बताया कि बोल्दाखुर्द में बड़े झाड़ का जंगल खसरा नं. 142, 143, 144, 145, 150 पर स्थित है। इसमें 7 ग्रामीणों को वन अधिकारी पट्टा दिया गया है। वर्तमान में गौचर भूमि में कमी होने के कारण उक्त खसरा की भूमि को गौचर के लिए सुरक्षित रखने का निर्णय ग्रामवासियों ने लिया है। इसके लिए कलेक्टर को आवेदन देकर पूर्व में जारी वन अधिकार पट्टा को निरस्त करने की मांग की गई है। ग्रामवासियों ने उक्त वनाधिकार पट्टा को निरस्त कराने का आग्रह मंत्री अकबर से किया।

ग्रामवासियों की मांग पर मंत्री ने उनसे कहा कि नियमानुसार ग्राम सभा की बैठक आयोजित कर उक्त संबंध में प्रस्ताव पारित किया जाता है इस पर विचार किया जाएगा। ग्राम बोल्दाखुर्द के निवासियों ने ग्राम में शासकीय भूमि खसरा नं. 153/1 में कई लोगों द्वारा भूमि पर बेजा कब्जा किए जाने की भी शिकायत की है। उन्होंने मांग की, कि गांव में चारागाह एवं गौठान को ध्यान में रखते हुए बेजा कब्जा को हटाकर उक्त शासकीय भूमि को रिक्त करवाने की कार्यवाही की जाए।

कृषि विभाग द्वारा दलहन-तिलहन का क्षेत्र बढ़ाने के लिए की गई पहल

गरियाबंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत दलहन-तिलहन बीज का निरीक्षण ग्राम पंचायत कोसमबुड़ा साजापाली, लोहझर विकासखंड छुरा में किया गया। जिसमें भोपाल से पहुंचे सांख्यिकी अधिकारी कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली सरजू पालेवार के द्वारा किसानों को दलहन-तिलहन एवं भारत सरकार की योजना के बारे में किसानों को बताया। साथ ही किसानों को कौशलसिंह ठाकुर, पुनाराद ठाकुर सरपंच एवं ऋतुराज शाह पार्षद नगर पंचायत छुरा के हाथों उन्नत बीज अलसी एवं सरसो बीज का वितरण किया गया। जिसमें किसान छबीलाल, राम प्रसाद, लोकेश, उमेन्द्र सिंह सोरी, इशूलाल, डिगेश्वर यादव, कामता यादव, अरुण ध्रुव, बिसेलाल, तुलसीराम एवं महिला समूह शामिल है।

शरद पूर्णिमा के मंच में उठा धर्मांतरण का मुद्दा

जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर हुए मुखर

बालोद/नवप्रदेश। ग्राम अचौद में शरद पूर्णिमा के पर नवीन युवा मित्र समिति के तत्वाधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए एवं रात्रिकालीन पूजा अर्चना के बाद खीर प्रसाद का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर व अध्यक्षता सरपंच उत्तरा चंद्राकर, सरपंच संत चंद्राकर, सरपंच रामेश्वर चंद्राकर, पार्षद राजनांदगांव मावेन्द्र, पूर्व सरपंच बिसाहू चंद्राकर, बुधारू साहू, दुलार ठाकुर, प्राण साहू, बसंत चंद्राकर, राजेन्द्र चंद्राकर और मोपेन्द्र साहू ने की।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ी व हिंदी गीतों से सुसज्जित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने ग्रामवासियों को शरद पूर्णिमा और महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पावन पर्व हम सभी को एकता और समरसता का संदेश देती है। मान्यता है कि इस दिन चंद्रमा अपने सोलह कलाओं से पूर्ण होकर अमृतवर्षा करती है जिसका अमृतपान करने का सौभाग्य हम सभी को मिल रहा है। उन्होंने आयोजन समिति नवीन युवा मित्र समिति की इस शानदार आयोजन और नवाचार के लिए मुक्त कंठ से प्रसंशा की।

मुख्य अतिथि चंद्राकर ने इस मंच पर धर्मांतरण का मुद्दा भी पुरजोर तरीके से उठाया व मुखरता से अपनी आवाज रखी। लोगों को ऐसे धर्मांतरण करवाने वाले लोगों से सावधान रहने के लिए भी आगाह किया। उन्होंने धर्मांतरण के विषय पर अपनी बात रखते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा और रायपुर दुर्ग संभाग में भी धर्मांतरण बड़ा मुद्दा है।

दस दिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

राजनांदगांव। पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में 21 से 31 अक्टूबर तक आयोजित कार्यक्रमों के तहत् प्रथम दिन रक्षित केन्द्र राजनांदगांव में सदभावना फु टबॉल मैच का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण द्वारा सद्भावना फुटबाल मैच का प्रारंभ किया। यह मैच डीआरजी एवं पुलिस लाइन टीम के बीच खेला गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रज्ञा मेश्राम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात गजेन्द्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक व्हीबी नंद, रक्षित निरीक्षक राजनांदगांव एवं पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

गुड़ेलिया में कल से क्रिकेट प्रतियोगिता

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम गुड़ेलिया में इस वर्ष भी गुडेलियांन प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का शंखनाद कल से हो रहा है। जिसका फाइनल मैच 1 नवम्बर को होगा। विजेता टीम को 13 हजार 333 नकद और उप विजेता टीम को 8 हजार 888 रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उप सरपंच संकेत अग्रवाल ने बताया कि स्व, दाऊ कृष्ण अग्रवाल की स्मृति में लिटिल स्टार क्रिकेट क्लब और युवा एकता क्लब के तत्वाधान में इस 16 वे वर्ष में 24 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक जीपीएल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम गुड़ेलिया में किया जा रहा है। आयोजकों ने बताया कि इस प्रतियोगिता में 32 टीमों को ही प्रवेश दिया जा रहा है। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए मैन आफदी मैच, मैन आफदी सीरीज सहित अन्य आकर्षक पुरुस्कार विभिन्न दानदाताओं की ओर से दिया जाएगा।

नागपुर की ओर जा रही मालगाड़ी के डी-रेल होने से दूसरी ट्रेनें प्रभावित

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे के मार्ग में साल्हेकसा-दर्रेकसा के बीच गुरुवार सुबह एक मालगाड़ी पटरी से उतर गई। बोरतलाव स्टेशन से आगे बढ़ने के बाद जैसे ही दर्रेकसा स्टेशन से मालगाड़ी निकली, उसके कुछ दूर में एक वैगन पटरी से उतर गई। डी-रेल होने से डाउन दिशा की ट्रेनों की आवाजाही पर असर पड़ा। डी-रेल की घटना के बाद टेक्निकल टीम भी मौके पर पहुंची। वहीं करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद मालगाड़ी पटरी पर लौट आई। सूत्रों का कहना है कि सुबह करीब 6 बजे डी-रेल होने से दोनों स्टेशनों के बीच का आवाजाही कुछ घंटों के लिए प्रभावित हुई। मालगाड़ी नागपुर की ओर जा रही थी। रेल्वे प्रशासन घटना की जांच कर रहा है। उधर लोकल ट्रेनों की आवाजाही पर भी प्रतिकूल असर पड़ा। तारसा पैसेंजर को डोंगरगढ़ तक लाया गया। वहीं निपनिया लोकल को रद्द कर दिया गया।

विशेष मेगा कैम्प 24 अक्टूबर को होगा आयोजित

कवर्धा/नवप्रदेश। आजादी के अमृत महोत्सव अभियान के तहत कबीरधाम जिले में आगामी 24 अक्टूबर को मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन किया जाएगा। मेगा सर्विस कैम्प आयोजन की तैयारियां शुरू हो गई है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीता यादव के मार्गदशन में 21 अक्टूबर गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपर कलेक्टर बीएस.उइके की अध्यक्षता में सभी विभागों के प्रमुखों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अमित प्रताप चंद्रा, संयुक्त कलेक्टर सुश्री दिप्ती गौते, एसडीएम पंडरिया श्री दिलेराम डाहिरे, डिप्टी कलेक्टर श्री विनय कश्यप सहित सभी विभागों के प्रमुख उपस्थित थे।

इस अभियान के अंतर्गत ही 24 अक्टूबर को मेगा लीगल सर्विस कैम्प का आयोजन कबीरधाम जिले में किया जाएगा। कैम्प में शासन द्वारा संचालित योजनाओं आकाशीय बिजली, सर्पदंश, सड़क दुर्घटना से मृत अथवा घायल होने वाले पीड़ितों को प्रदान की जानी वाली सहायता समाज कल्याण विभाग, पंचायतों अथवा नगर निकायों एवं अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के हितग्राहियों की पहचान कर उक्त तिथि को संबंधित योजना के अनुरूप राशि अथवा लाभ प्रदान किए जाएंगे साथ ही सभी विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की संक्षिप्त जानकारी एवं प्रक्रिया भी आमजन को प्रदान की जाएंगी।

राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। कलेक्टर सुनील जैन ने शुक्रवार को राजस्व समेत विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ बैठक कर राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पंहुचाने के निर्देश दिए है। उन्होंने हाट बाजार क्लीनिक, सुराजी गांव योजना, गौधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना एवं उनका विस्तार, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, वन अधिकार पत्र वितरण जैसे अन्य योजनाओं का विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण मामले में काफी धीमी गति से कार्य होने एवं लगातार राजस्व अधिकारियों द्वारा समय सीमा के भीतर कार्य नही करनें पर गहरी नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी राजस्व अधिकारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि जिलें में राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के लिए भरपूर प्रयास करे। सभी तहसीलों में विशेष राजस्व अभियान चलाकर ऐसे प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करें। जिसमें विशेष रूप से अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण बंटवारा, सीमाकंन, त्रुटि सुधार एवं जाति, आय प्रमाण पत्र शामिल है। उन्होंने राजस्व के प्रकरण आम लोगों से सम्बंधित होते है उन्हें बेवजह बार बार कार्यालय बुलाकर परेशान ना करें। सभी प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

AXIS BANK — एक्सिस बैंक लिमिटेड
संपत्ति बिक्री केंद्र, द्वितीय तल, चावला चैंबर्स, न्यू बस स्टैंड के सामने, जीवन बीमा मार्ग, पंडरी, रायपुर 492 004

कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

(परिशिष्ट 4 के अनुसार सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम 2002 के नियम 8 (1) के तहत)

यहां, अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा एक्सिस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी होने के नाते वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूमिकरण व पुर्ननिर्माण हित का प्रतिवर्तन अधिनियम 2002 के तहत व धारा 13 (12) जिसमें उक्त अधिनियम के नियम 3 का भाव निहित है के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए कर्जदार व गारंटर को नोटिस प्राप्त होने के 60 दिन के भीतर भुगतान करने के लिए आदेशित किया गया था।
लेकिन कर्जदारों व गारंटरों के द्वारा राशि का भुगतान करने में विफल होने के कारण अब कर्जदारों/ गारंटरों व आम जनता को नोटिस दिया जा रहा है कि नीचे उल्लेखित संपत्ति का आधिपत्य अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम के धारा 13 की उप धारा (4) जिसमें प्रतिभूति (प्रवर्तन) हित अधिनियम 2002 के नियम 8 का भाव निहित है।
कर्जदारों/ गारंटरों व आम जनता को आगाह किया जाता है कि निम्न संपत्ति संबंधित कोई डील न करें और संपत्ति को जुड़ी कोई भी डील एक्सिस बैंक लिमिटेड से जुड़ा विषय होगा।
संरक्षित संपत्ति को छुड़ाने के लिए उपलब्ध समय को लेकर कर्जदारों का ध्यान सरफेसी एक्ट 2002 की धारा 13 की उप धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

कर्जदारों/ गारंटरों का नाम व पता	अंचल संपत्ति का विवरण (सुरक्षित संपत्ति)	अ) राशि नोटिस तारीख तक ब) डिमांड की तिथि स) कब्जे की तिथि
1. **श्री विजय खेमनानी** पिता गिरधरलाल खेमनानी, मकान नं. बी-104, शिव वाटिका, अश्वनी नगर रायपुर, छ.ग.-492001 2 **पूजा खेमनानी** पति विजय खेमनानी, मकान नं. बी-104, शिव वाटिका, अश्वनी नगर रायपुर, छ.ग.-492001	**सुरक्षित जमानत-** आवासीय भूमि के समस्त भाग व खण्ड कुल क्षेत्रफल 1345.5 वर्गफीट, प्लाट नं. 6/12, म.नं. 43/15, पुराना ब्लाक नं. 40, प.ह.नं. 106 (ए), महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड क्र.-61 कुकरीपारा लाखेनगर, तहसील एवं जिला-रायपुर छत्तीसगढ़ में स्थित **सीमाएं :** उत्तर-अशोक कुमार का मकान, दक्षिण- गली पूर्व- कमलेश कुमार का मकान, पश्चिम- वजीर मल का मकान	अ) रु. 18,99,150.00 (अठारह लाख निन्यानबे हजार एक सौ पचास मात्र) ऋण खाता संख्या LPR013901093762 दिनांक 04.07.2018 तक अनुबंध की समाप्ति पर देय राशि (यह राशि 04.07.2018 तक ब्याज सहित) और उस पर आगे ब्याज। ब) 04.07.2018 स) 20.10.2021

दिनांक : 23.10.2021
स्थान : रायपुर
प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमिटेड

देश में 100 करोड़ कोरोना टीके लगने का आंकड़ा हुआ पार

अब आपकी बारी : जिले के स्वास्थ्य विभाग में उमड़ा जोरदार उत्साह, लिया नया संकल्प

राजनांदगांव। कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण तथा इससे बचाव के लिए देश में 100 करोड़ से अधिक कोरोना टीके लगाने का आंकड़ा पार हो गया है। वा लिया है जिससे आज पूरा देश गौरवान्वित है। गौरव के इस क्षण को यादगार बनाने के प्रति उत्साहित स्वास्थ विभाग ने एक नया संकल्प लिया है। नया संकल्प है, जन-जागरूकता व जनभागीदारी के साथ जिले में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण का लक्ष्य अब जल्द से जल्द पूरा करने का प्रयास किया जाएगा। देश में 100 करोड़ से अधिक कोरोना टीके लगने से यह स्पष्ट हो चुका है कि कोरोना टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है, इसे लगवाने से कोई खतरा नहीं है बल्कि यह जीवनरक्षक ही है।

प्रशासन द्वारा भी इस आशय पर जोर देने के परिणाम स्वरूप टीकाकरण कराने वालों की संख्या जिले में लगातार बढ़ रही है। जिला प्रशासन के दिशा.निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे जागरुकता अभियान से प्रभावित लाभार्थियों ने खुद तो टीका लगवाया ही, अन्य लोगों को भी उन्होंने टीका लगवाने हेतु प्रेरित करने का काम किया है। कोरोना संक्रमण की रोकथाम व इससे

बचाव तथा संभावित तीसरी लहर की आशंका के बीच जिले में कोरोना टीकाकरण कार्य तेजी से संचालित किया जा रहा है।

गांवों में कराई जा रही मुनादी

कोरोना टीकाकरण हेतु ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए एक दिन पूर्व मुनादी कराई जा रही है। कोरोना टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग और राजस्व विभाग के समन्वय से किया जा रहा है।

इन प्रयासों के फलस्वरूप जिले में अब तक लगभग 85.25 प्रतिशत लोगों ने पहला तथा लगभग 43.40 प्रतिशत लोगों ने दूसरे डोज का टीका लगवा लिया है, जो उत्साहवर्धक है। टीका लगवाने के लिए जिले में हर वर्ग के लोग उत्साह से सामने आने लगे हैं। टीकाकरण में सबसे ज्यादा युवाओं की रुचि दिख रही है।

चुनौती के रूप में कार्य किया जा रहा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया, देश में 100 करोड़ से अधिक कोरोना टीकाकरण पूर्ण किया जाना गौरव का विषय है। जिले में भी कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए टीकाकरण को एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में लेकर कार्य किया जा रहा है, आने वाले दिनों में कोरोना टीकाकरण की गति और बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। जिले में अब तक लगभग 85.25 प्रतिशत लोगों को पहला तथा लगभग 43.40 प्रतिशत लोगों को दूसरा डोज का टीका लगाया जा चुका है।

केनरा बैंक Canara Bank — Syndicate
शाखा: स्मृति नगर, भिलाई दुर्ग (छ.ग.)
दूरभाष: 0788-2298074,2290340,9130249796
ईमेल: cb1973@canarabank.com,ajay.sahu@canarabank.com

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरूप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से 60 दिन के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा को देय बकाया राशि एवं उस पर ब्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (ओं) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार एवं शाखा का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	होमन साहू एवं तरुन साहू शाखा- स्मृति नगर भिलाई	श्री होमन साहू पिता- तरुन साहू के नाम पर खसरा नं. 303/214, प.ह.नं. 1, भिलाई-3, टाकीज रोड के पास, भिलाई, जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 2175 वर्ग फिट में निर्मित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: उत्तर-** शादीलाल एवं द्वारिका देवांगन का मकान, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** रामाधार देवांगन का मकान, **पश्चिम-** फत्तू की भूमि।	₹ 29,91,292.00 + ब्याज एवं अन्य शुल्क	07.08.2021 कब्जा सूचना तिथि 21.10.2021
2.	संतोष कुमार चौहान शाखा- स्मृति नगर भिलाई	श्री संतोष कुमार चौहान पिता- सुधार सिंह के नाम पर प्लाट नं. एलआईजी- 92, वैशाली नगर, भिलाई, मौजा- कोहका, तहसील व जिला- दुर्ग, क्षेत्रफल- 145.60 वर्गमीटर (1566 वर्गफिट) में निर्मित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: पूर्व-** 10.40 मीटर एलआईजी-68, **पश्चिम-** 10.40 मीटर सड़क, **दक्षिण-** 14.00 मीटर एलआईजी-91, **उत्तर-** 14.00 मीटर एलआईजी-93.	₹ 19,62,431.81 + ब्याज एवं अन्य शुल्क	07.08.2021 कब्जा सूचना तिथि 21.10.2021
3.	संतोष झा एवं मणिमाला झा शाखा- स्मृति नगर भिलाई	श्री संतोष झा पिता- बिल्ल झा के नाम पर फ्लैट नं. 11, द्वितीय तल, ब्लॉक-जी2, चौहान टाउन, फेस-II, भिलाई, दुर्ग, क्षेत्रफल- 670 वर्गफिट में निर्मित संपत्ति के समस्त भाग तथा अंश। **चौहद्दी: उत्तर-** फ्लैट नं. जी2-10, **दक्षिण-** सड़क, **पूर्व-** खुली जगह ब्लॉक जी3, **पश्चिम-** फ्लैट नं. जी2-12.	₹ 14,68,403.62 + ब्याज एवं अन्य शुल्क	07.08.2021 कब्जा सूचना तिथि 21.10.2021

दिनांक : 22.10.2021, स्थान: स्मृति नगर, भिलाई (छ.ग.)
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

आखिरकार पिंजरे में कैद हुआ आदमखोर तेंदुआ, 5 महीने में 3 बच्चों का किया शिकार

- **सिहावा पहाड़ में गुफा जाने का रास्ता में लगाए गए पिंजरे में फंसा तेंदुआ**

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के धमतरी में शुक्रवार सुबह वन विभाग की टीम ने एक तेंदुए को पिंजरे में कैद कर लिया। इसके बाद उसे देखने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इसके चलते वन विभाग ने उसे तत्काल ही घने जंगल में छोड़ने के लिए भेज दिया। पिछले 5 महीने में जिले के सिहावा क्षेत्र में तेंदुआ 3 बच्चों को अपना शिकार बना चुका है। अभी यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि पकड़ा गया तेंदुआ, वही आदमखोर है। विगत कई दिनों से वन विभाग के नाक में दम रखने वाले आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए विभाग द्वारा सिहावा इलाके में अलग-अलग स्थानों पर पिंजारा लगाया था। शुक्रवार सुबह सिहावा श्रृंगीऋषि पहाड़ी गुफा के नीचे रखे पिंजरे में तेंदुआ कैद हुआ। तेंदुए के पिंजरे में कैद होने की खबर मिलते ही देखने लोगों की भारी भीड़ जुट गई। इस दौरान एसडीओ हरीश पांडे, बिड़गुड़ी रेंजर दीपक गावड़े सहित वन विभाग की टीम, सिहावा पुलिस और स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। एसडीओ हरीश पांडे ने बताया कि पिंजरे में कैद हुए तेंदुए को टाइगर रिजर्व के जंगल में छोड़ा जाएगा। वहीं उन्होंने यह भी कहा है कि यह वहीं आदमखोर तेंदुआ है या नहीं, यह अभी स्पष्ट नहीं हुआ है। बता दें कि सिहावा नगरी इलाके में तेंदुए का आतंक है जिससे लोगों में काफी दहशत है। बीते 11 अक्टूबर को देर शाम तेंदुए ने उड़ीसा के नवरंगपुर कुंदई से परिजनों के साथ श्रृंगी ऋषि दर्शन करने आए 6 वर्षीय बालक अविनाश मरकाम पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था जिसके बाद लोग वन विभाग के खिलाफ नाराज थे और आक्रोशित होकर सिहावा बस स्टैंड में चक्काजाम किया था जिसके बाद वन विभाग द्वारा आदमखोर तेंदुए को पकड़ने के लिए चार जगहों पर पिंजरे लगाया था।

युवक ने की खुदकुशी, एसपी ने एएसआई को किया सस्पेंड

एएसआई व कांग्रेस नेता समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ में बुधवार को एक आदिवासी युवक ने फंदा लगाकर जान दे दी। खुद्कुशी करने के पहले युवक ने दीवार पर लिखा कि नमो पटेल और चंद्रा पुलिस ने उसकी जान ली है। आरोप है कि कांग्रेस नेता व व्यापारी नमो पटेल के दबाव में पुलिस ने मारपीट की एफआईआर दर्ज की थी और अब निपटारे के लिए रुपए का दबाव बना रहे थे। मामला सामने आने के बाद गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने कोतरा रोड थाने के एएसआई अर्जुन चंद्रा को सस्पेंड कर दिया है। वहीं इस मामले में 3 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। जानकारी के मुताबिक, रायगढ़ शहर के कोतरा रोड थानांतर्गत 14 अक्टूबर को ग्राम उसरौट के रमेश सिदार (45 वर्ष) द्वारा उसके पड़ोसी ईश्वर सिदार उर्फ गोलू (26 साल) एवं उसके पिता मोहन सिदार के विरूद्ध गाली-गलौच व मारपीट करने संबंधी रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिसकी विवेचना सहायक उप निरीक्षक अर्जुन चन्द्रा द्वारा की जा रही थी। 20 अक्टूबर को ईश्वर प्रसाद सिदार द्वारा घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक के माता-पिता व चचेरे भाई ने पुलिस कार्यालय पहुंच कर मृतक को प्रताड़ित करने वालों पर उचित कार्यवाही करने की मांग की थी। मामले में प्रथम दृष्ट्या सहायक उप निरीक्षक अर्जुन चन्द्रा थाना कोतरा रोड़ के द्वारा पदीय दायित्वों के विपरीत कार्य का प्रदर्शन करना पाये जाने पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल प्रभाव से सहायक उपनिरीक्षक अर्जुन चन्द्रा को निलंबित किया गया है। सीएसपी रायगढ़ प्रकरण की प्राथमिकी जांच की जा रही है।

कांग्रेस नेता के दबाव में दर्ज हुआ एफआईआर

बुधवार को घर के कमरे में ईश्वर सिदार की फंदे से शव लटका मिला। ईश्वर और उसके पिता मोहन लाल मजदूरी और छोटा-मोटा काम करते हैं। 4 दिन पहले मोहन लाल और उसके भतीजे रमेश सिदार का झगड़ा हुआ था। यह विवाद पारिवारिक कारणों से हुआ था, लेकिन झगड़े के बाद रमेश ने ईश्वर के खिलाफ एफआईआर करा दी थी। जबकि उसका विवाद मोहन से हुआ था। परिजनों का आरोप है कि रमेश उस इलाके के एक बड़े कारोबारी और प्रभावशाली कांग्रेस नेता नमो पटेल के लिए काम करता है। नमो का प्रभाव पुलिस पर है। उसी के दबाव में एफआईआर हुई। इसके बाद एक पुलिसकर्मी ने मामला रफा-दफा करने के लिए 20 हजार रुपए मांगे और थाने बुलाया। परिवार के लोग इस संबंध में लगातार थाने जा रहे थे।

तीन पर उकसाने का आरोप

घटना के बाद देर रात तक हंगामा चलता रहा और राजनीति भी शुरू हो गई थी। इसे देखते हुए एसपी भी रात में धरने पर बैठे परिजनों से मिलने पहुंचे। थाना प्रभारी चमन सिन्हा ने बताया कि एएसआई अर्जुन चंद्रा सहित तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इनमें व्यापारी नमो पटेल और ईश्वर के चचेरे भाई रमेश सिदार का भी नाम है। तीनों पर एक राय होकर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

नॉनवेज व पनीर खाने के बाद 26 जवान बीमार, सभी खतरे से बाहर

- **कलेक्टर ने मलैदा कैम्प में आईटीबीपी व सीएएफ के जवानों के फूड पायजनिंग से पीड़ित होने पर तत्काल उपचार के लिए किया निर्देशित**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने जिले के खैरागढ़ विकासखंड स्थित मलैदा कैम्प में आईटीबीपी व सीएएफ के 26 जवानों के फूड पायजनिंग से पीड़ित होने की जानकारी प्राप्त होते ही तत्काल स्वास्थ्य विभाग को उनके उपचार के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर उनके स्वास्थ्य के संबंध में लगातार जानकारी ले रहें है। तत्काल ईलाज मिलने से जवानों को राहत मिली और सभी जवान खतरे से बाहर है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी खैरागढ़ में निरंतर जवानों के स्वास्थ्य की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के मलैदा कैम्प में आईटीबीपी व सीएएफ के 26 जवानों के फूड पायजनिंग से पीड़ित होने पर सभी का इलाज खैरागढ़ स्थित अस्पताल में किया जा रहा है। सभी जवान खतरे से बाहर है। मौके पर एसडीएम एवं मेडिकल टीम उपस्थित है। एसडीएम लवकेश ध्रुव ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल खैरागढ़ में भर्ती 26 जवानों का स्वास्थ्य ठीक है। मलैदा कैम्प में स्वास्थ्य विभाग की टीम उपचार के लिए भेजी गई है।

जवानों को परोसा गया था पनीर व नॉनवेज

मध्यप्रदेश बार्डर से लगते खैरागढ़ इलाके के मलैदा कैंप में आईटीबीपी, सीएएफ और एमपी की हॉक फोर्स के जवान संयुक्त रूप से नक्सल मोर्चे पर तैनात है। कैंप परिसर में तीनों फोर्स के जवान एक साथ रहते हैं, लेकिन उनके मेस अलग-अलग हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर के खाने में आईटीबीपी और सीएएफ जवानों को पनीर की सब्जी और नॉनवेज परोसा गया था। खाना खाने के आधे घंटे बाद जवानों को उल्टी-दस्त की समस्या शुरू हो गई। देर शाम तक ज्यादा हालत बिगड़ी तो 15 जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिर रात करीब 10 बजे के बाद 11 जवानों की और हालत खराब हो गई। उन्हें भी सिविल अस्पताल रेफर कर दिया गया।

दो दुकानों का ताला तोड़कर नगदी व सामान चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के देवेन्द्रनगर थानाक्षेत्र में दो दुकानों का ताला तोड़कर नकदी व एक पेटी स्कूटी का बेरिंग चोरी कर लेने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। यूफोरिया अपार्टमेंट मोवा निवासी कपिल ठाकवानी 38 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसका शिव फोम के नाम से श्याम मार्केट पंडरी कपड़ा मार्केट में दुकान है। 20 अक्टूबर की रात वह अपनी दुकान बंद करके घर चला गया था, दूसरे दिन दुकान खोलने पहुंचा तो दुकान में लगा ताला टूटा मिला।

सीजी में कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लेने वालों की संख्या डेढ़ करोड़ पार

- **66.09 लाख लोग लगवा चुके हैं दोनों टीका, अब तक 2.22 करोड़ टीके लगाए जा चुके**
- **18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 87 लाख 30 हजार 005 नागरिकों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कोरोना वैक्सीन का पहला टीका लगवाने वालों की संख्या डेढ़ करोड़ को पार कर गई है। प्रदेश में अब तक (21 अक्टूबर तक) एक करोड़ 55 लाख 77 हजार 521 लोग कोरोना से बचाव के लिए वैक्सीन की पहली खुराक ले चुके हैं। वहीं 66 लाख आठ हजार 855 नागरिकों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं। राज्य में पहली और दूसरी, दोनों खुराकों को मिलाकर अब तक कुल दो करोड़ 21 लाख 86 हजार 376 टीके लगाए गए हैं। प्रदेश में तीन लाख दस हजार 393 स्वास्थ्य कर्मियों, तीन लाख 18 हजार 635 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 62 लाख 18 हजार 488 और 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के 87 लाख 30 हजार 005 नागरिकों को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। वहीं दो लाख 65 हजार 580 स्वास्थ्य कर्मियों, दो लाख 57 हजार 020 फ्रंटलाइन वर्कर्स, 45 वर्ष से अधिक के 33 लाख 69 हजार 146 तथा 18 से 44 आयु वर्ग के 27 लाख 17 हजार 109 लोगों को दोनों टीके लगाए जा चुके हैं।

25 को मंत्री अकबर कार्यकर्ताओं से मिलेंगे

रायपुर। मिलिए मंत्री से कार्यक्रम में परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, वन, विधि एवं विधायी कार्य मंत्री मोहम्मद अकबर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में 25 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और जनसामान्य से मिल कर उनकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। कार्यक्रम का समन्वय प्रदेश महामंत्री अमरजीत चावला, मीडिया समन्वयक प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, सह-समन्वयक राजेश चौबे और डॉ. कमलनयन पटेल करेंगे।

गणेश और जयसिंह तालाब का महापौर ने किया निरीक्षण

रायगढ़/नवप्रदेश। महापौर जानकी काटजू ने मॉर्निंग वाकर्स ग्रुप के आग्रह पर गणेश तालाब एवं जयसिंह तालाब का निरीक्षण किया जिसमे गंदगी को देखकर त्वरित सफाई करने हेतु क्षेत्र के सफाई दरोगा को निर्देशित किया गया। शहर में लगातार डेंगू की रोकथाम और स्वच्छता के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है ताकि शहर स्वच्छ और डेंगू मुक्त बन सके। वहीं शहर के मध्य दो तालाब की दयनीय दशा को देखकर मॉर्निंग वाकर्स टीम ने महापौर को तालाबों का जायजा लेने आग्रह किया उसी तारतम्य में सुबह गणेश तालाब मॉर्निंग वाकर्स ग्रुप सुबह की मुस्कान के आग्रह पर महापौर दोनों तालाबों की समस्याओं का निरीक्षण किया गया।